# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 217 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 05 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

यूनीटेक बिल्डर के 3 भूमि पार्सल ले आउट को मंजूरी




P- 4

मुरादाबाद की प्राइवेट यूनीवर्सिटी में एक माह में तीन मौतें, प्रशासन सवालों



P- 5

फ्रांस चुनाव: नेशनल रैली पार्टी जीती तो पड़ोसी देशों में मच सकती है खलबली



P- 6

यह देश के लिए खेलने वाली सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम: फारुख

# सड़क हादसा : मुरादाबाद में पिता-बेटों समेत 5 की हादसे में मौत

**कार डिवाइडर तोड़ते हुए पलटी, रोडवेज बस ने रौंद दिया; हज से लौट रहे थे**

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सड़क हादसे में पिता और तीन बेटों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला और बच्ची घायल हो गई। गुरुवार को हज से लौटे पिता-बेटों को रिसीव करने के लिए घर वाले दिल्ली एयरपोर्ट गए थे। पांचों लोगों को परिजन कार से लेकर गांव आ रहे थे।



उनकी कार मूंढापांडे में पुल क्रॉस करते ही आगे चल रही कार से टकराकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड जाकर पलट गई। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। घटना नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र की है। मरने वालों में पिता, 3 बेटे और ड्राइवर शामिल हैं। कार सवार लोग रामपुर के स्वार के रहने वाले हैं।

हादसा इतना भीषण था कि पूरी कार चकनाचूर हो गई। कार सवार 7 लोगों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई।

दो ने जिला अस्पताल रामपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को हाईवे से हटवाया। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक घायल को मूंढापांडे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मरने वालों में हाजी अशरफ (68), उनके 3 बेटे नक्शे अली (40), आरिफ अली (22), इंतेखाब अली (19), कार ड्राइवर अहसान (35 ) है। ये सभी रामपुर जिले में स्वार थाना क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर के हैं।

## दस हजार गैर एसी कोच बनाएगी रेलवे

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने आम यात्रियों की यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10 हजार नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनायी है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 और आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 10000 कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें 5300 से अधिक जनरल कोचों की रिकॉर्ड संख्या शामिल है। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।

# भोले बाबा के 6 सेवादार अरेस्ट, इनमें 2 महिलाएं

**वकील बोले- बाबा यूपी छोड़कर भागे नहीं; न्यायिक आयोग के अध्यक्ष ने कहा- जल्द हाथरस जाएंगे**

हाथरस। यूपी के हाथरस हादसे को लेकर न्यायिक आयोग की पहली बैठक नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में हुई। इसके बाद आयोग के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने कहा- जरूरत पड़ी तो पुलिस और मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। बहुत जल्द आयोग की टीम हाथरस जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी। दो महीने में जांच पूरी करके रिपोर्ट सरकार और शासन को सौंपनी है। इसलिए हम बहुत तेजी से काम करेंगे।



इससे पहले में दोपहर में आईजी रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- पुलिस ने आज 6 लोगों की गिरफ्तारी की। सभी आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं।

आरोपियों में मैनपुरी का राम लड़ैते यादव, शिकोहाबाद का उपेंद्र यादव, हाथरस का मेड सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। इनकी देख-रेख में ही सत्संग चल रहा था।

पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है। वह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

दूसरी ओर, भोले बाबा के वकील एपी सिंह घायलों से मिलने अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा- बाबा के पास कोई आश्रम नहीं है। वह पेंशन से अपना गुजारा करते हैं। जब भी बाबा को जांच टीम बुलाएगी, वह आएंगे। साकार हरि किडनी के मरीज हैं। इसके अलावा भी उनको कई बीमारियां हैं। एक किडनी निकल चुकी है।

इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी भोले बाबा से जुड़े हैं।

उनसे पूछताछ की जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हादसे के लिए प्रशासन और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस आएंगे। वह अस्पताल में भर्ती और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे।

### कौन है देव प्रकाश मधुकर सेवादार, जिस पर है 1 लाख का इनाम

हाथरस भगदड़ कांड में पुलिस ने भोले बाबा के मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया। उस पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है।

देव प्रकाश मधुकर हाथरस के मोहल्ला दमदमपुरा की न्यू कॉलोनी में रहता है। वह पंचायती राज विभाग में इंजीनियर है। घटना के बाद देव प्रकाश मधुकर के घर पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मगर, देव प्रकाश के घर पर ताला लगा था। वह अपने पूरे परिवार के साथ फरार है। इसके बाद लोगों ने उनके घर के सामने जय भीम के नारे लगाए।

### 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग का 2 महीने में सौंपेगा रिपोर्ट

योगी सरकार ने हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाया है। इसकी अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बृजेश कुमार श्रीवास्तव कर रहे हैं। रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड डीजीभवेश कुमार सिंह आयोग के सदस्य हैं।

टीम 2 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सुझाव भी देगी।

# हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने

**जिस राजभवन से गिरफ्तार हुए, 156 दिन बाद वहीं शपथ ली**

रांची। इसके साथ ही तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

सीएम पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 8 जुलाई को विधानसभा के विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय लिया गया। हेमंत सोरेन सदन का विश्वास मत प्राप्त करेंगे। हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षड्यंत्र की हार बता रहे हैं।



शपथ ग्रहण के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार ने 2019 से जनता की भावनाओं के अनुरूप सारी कार्य योजनाएं कीं।

राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच चंपाई सोरेन ने उसे आगे बढ़ाया क्योंकि मैं जेल में था। आज कोर्ट के आदेश से मैं बाहर आ पाया हूं। पुनः अपने कार्यभार को संभालते हुए अब आगे के काम किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा- जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं है और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे... गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी।

**एनकाउंटर** — मारे गए सभी माओवादियों पर था 8-8 लाख रूपए का इनाम, घटना स्थल से 2 घायल समेत 3 गिरफ्तार

# छत्तीसगढ़ : एनकाउंटर में 40 लाख के ईनामी 5 नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में हुई मुठभेड़ में जवानों ने 40 लाख रुपए के 5 माओवादियों को ढेर किया है। इन सभी पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं मुठभेड़ स्थल से 2 घायल समेत 3 नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया है। घायल नक्सलियों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। करीब 72 घंटे तक मुठभेड़ और सर्चिंग ऑपरेशन चला। संयुक्त ऑपरेशन को सफल बनाकर जवान गुरुवार को जिला मुख्यालय लौट आए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ में नक्सलियों के माड़ डिवीजन की सचिव रनिता उर्फ जयमती, सीसीएम सोनू, सीसीएम कोसा, अरुण, राधिका, अरब, सुखलाल समेत कंपनी नंबर-1 के नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर से DRG, STF, BSF और ITBP के जवानों का संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया था। 30 जून को जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था।



जवानों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। तब से लगातार अलग अलग टीमों के साथ मुठभेड़ होती रही। करीब 48 घंटे तक रुक- रुक कर गोलीबारी हुई। बड़े कैडर्स के कई नक्सली भाग निकले। जब फायरिंग रुकी तो जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। अलग-अलग लोकेशन से कुल 5 नक्सलियों का शव बरामद किया गया है। इसके अलावा 1 नग 303 राइफल, 2 नग 315 बोर राइफल, 02 नग मजल लोडिंग राइफल, 1 नग ब्लास्टरलॉन्चर, BGL सेल 6 नग एवं भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किया गया है।

### मारे गए नक्सलियों की हुई शिनाख्त

राकेश- पीएलजीए कंपनी नंबर 1, सीसी प्रोटेक्शन टीम मेंबर- 8 लाख रुपए इनाम।

कोंडा तोगड़ा, पीएलजीए कंपनी नंबर 1, सीसी प्रोटेक्शन टीम मेंबर- 8 लाख रुपए इनाम।

एडमा वड्डे, पीएलजीए कंपनी नंबर 1, सीसी प्रोटेक्शन टीम मेंबर- 8 लाख रुपए इनाम।

कमलू वड्डे पीएलजीए कंपनी नंबर 1, सीसी प्रोटेक्शन टीम मेंबर- 8 लाख रुपए इनाम।

फरसा तुमड़ा, पीएलजीए कंपनी नंबर 1, सीसी प्रोटेक्शन टीम मेंबर- 8 लाख रुपए इनाम।

## काजीरंगा नेशनल पार्क में 17 जानवर डूबे : बिहार में 6 और पुल गिरे

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश जारी है। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और असम बाढ़ की चपेट में हैं। इन राज्यों में सेना रेस्क्यू अभियान चला रही है। असम का काजीरंगा नेशनल पार्क बाढ़ में डूब गया है। पार्क के डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर अरुण विग्नेश ने बताया कि पानी में डूबने से एक गैंडे के बच्चे और हॉग डियर समेत 17 जानवरों की मौत हुई है। 72 को बचाया गया है। असम के 29 जिलों में 16.25 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं। बुधवार को बाढ़ के पानी में डूबने से 8 लोगों की मौत हुई। सोनितपुर, शिवसागर और गोलाघाट में तीन और लोगों के पानी में बह जाने की आशंका है। राज्य में बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है। बिहार के सीवान और सारण जिले में बुधवार को एक दिन में छह पुल ढह गए। इनमें चार गंडक नदी पर तो दो धमही नदी पर बने थे। पिछले 15 दिनों के दौरान राज्य में पुल गिरने की ऐसी 11 घटनाएं हुई हैं। इससे पहले मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जैसे जिलों में पुल ढह गए थे। वहीं, पुणे में पिकनिक स्पॉट्स पर 5 से ज्यादा लोग के जमा होने, गहरे पानी में उतरने, सेल्फी लेने और रील बनाने पर बैन लग गया है।



## हैप्पी मॉर्निंग

संता अपने पड़ोसी दोस्त बंता से बोला, अबे आज सुबह तेरे कुत्ते ने मेरी किताब फाड़ दी।
बंता- मैं उसे अभी सजा देता हूं।
संता- रहने दे भाई, मैंने सजा दे दी है।
बंता- हैरानी से, कैसे?
संता- मैंने उसके कटोरे का दूध पी लिया।



## शायरी

किसान खुल के हँस तो रहा हैं फ़क़ीर होते हुए,
नेता मुस्कुरा भी न पाया अमीर होते हुए!

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,049.67
+62.88 (0.079%)
निफ्टी:
24,302.15
+15.65

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूर्योदय शनिवार : 5 : 35
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 37

# ट्रॉफी हर भारतीय के लिए : रोहित शर्मा

**कोहली ने बुमराह को 8वां अजूबा बताया; टीम इंडिया को बीसीसीआई ने 125 करोड़ रुपए दिए**




नई दिल्ली/मुंबई। टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया का सम्मान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खत्म हो चुका है। यहां रात 9 बजे राष्ट्रगान के साथ सम्मान शुरू हुआ। कप्तान रोहित शर्मा ने ट्रॉफी देश को समर्पित की। उनके बाद कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि वह टीम के प्यार को मिस करेंगे। बीसीसीआई ने टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए का इनाम दिया।

विराट कोहली ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने देश को सबसे बड़े तोहफा दिया। उनके जैसा गेंदबाज जनरेशन में एक ही बार आता है। वह दुनिया के 8वें अजूबे हैं। आखिर में बुमराह ने कहा, मैं किसी मैच के बाद रोता नहीं हूं, लेकिन फाइनल के बाद मेरी आंखों से भी 2-3 बार आंसू निकल आए।

शहर में विक्ट्री परेड के दौरान विजय रथ पर सवार खिलाड़ी बारी-बारी से आगे आए और फैंस के साथ जीत सेलिब्रेट की। रोहित और कोहली एक साथ बस की छत के आगे आए और फैंस को ट्रॉफी दिखाते हुए खुशी से झूमने लगे।

मरीन ड्राइव पर 3 लाख से ज्यादा फैंस अपने क्रिकेटर्स के स्वागत के लिए मौजूद रहे। बारिश के बावजूद 3 किमी लंबी सड़क पर सिर ही सिर दिखे, यहां पैर रखने की जगह तक नहीं थी।

### बीसीसीआई ने दिए 125 करोड़ रुपए

बीसीसीआई ने सेरेमनी के आखिर में पूरी टीम को 125 करोड़ रुपए का चेक गिफ्ट किया। इसके बाद सभी खिलाड़ियों ने ग्राउंड के चक्कर लगाए और स्टेडियम में मौजूद फैंस की ओर धन्यवाद के रूप में टेनिस की बॉल फेंकी।




# संपादकीय

## महान कोच सैयद अब्दुल रहीम : भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग

**रहीम साहब की महानता को श्रद्धांजलि देते हुए एक शायरी से अपनी बात शुरू करता हूँ।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

**तुझसे मिली जो रोशनी, आज भी जलती है,**
**तेरे नक्शे-कदम पर चलकर, मंज़िलें मिलती हैं,**
**रहीम के नाम से चमके, हर दिल की ये लौ,**
**तेरे ख्वाबों को जीते हुए, फुटबॉल का यह जश्न हो।**

फिल्म 'मैदान' ने भारतीय फुटबॉल के महान कोच सैयद अब्दुल रहीम की कथा को फिर से जीवंत कर दिया है। रहीम साहब का जीवन और उनकी कोचिंग शैली भारतीय फुटबॉल के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी गई है। उनका अनुशासन, रणनीति और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता भारतीय फुटबॉल को नई ऊँचाइयों पर ले गई।

### प्रारंभिक जीवन और कोचिंग का सफर

सैयद अब्दुल रहीम का जन्म 17 अगस्त 1909 को हैदराबाद में हुआ था। प्रारंभ में वे एक शिक्षक थे, लेकिन फुटबॉल के प्रति उनके जुनून ने उन्हें कोचिंग की ओर मोड़ा। उन्होंने हैदराबाद सिटी पुलिस फुटबॉल क्लब को कोचिंग दी और अपनी अनुशासनप्रियता और रणनीतिक कौशल से टीम को उत्कृष्ट बनाया। रहीम साहब ने खिलाड़ियों को न केवल खेल की तकनीक सिखाई बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाया।

### भारतीय फुटबॉल में योगदान

1950 से 1963 तक, रहीम साहब ने भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को कोचिंग दी और इस दौरान टीम ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में सेमीफाइनल तक पहुँचना उनकी कोचिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने 4-2-4 फॉर्मेशन को भारतीय टीम में लागू किया, जो बाद में ब्राजील ने भी अपनाया। उनकी रणनीति और खेल के प्रति दृष्टिकोण ने भारतीय टीम को एक नई पहचान दी।

### खिलाड़ियों का विकास

रहीम साहब ने नेविल डिसूजा, पी. के. बनर्जी और चुन्नी गोस्वामी जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। उनका अनुशासन और प्रशिक्षण शैली ने इन खिलाड़ियों को महान बनाया। उनके सिखाए गए सिद्धांत और तकनीकें आज भी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### अंतिम दिन और विरासत

रहीम साहब का निधन 12 जून 1963 को फेफड़े के कैंसर के कारण हुआ। उनकी मृत्यु के बाद भी, उनके योगदान और कोचिंग विधियों को भारतीय फुटबॉल में उच्च सम्मान दिया जाता है। उनकी विरासत आज भी कोचों और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार और सिद्धांत भारतीय फुटबॉल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### रहीम साहब के विचार

**1. अनुशासन :** रहीम साहब ने हमेशा अनुशासन को प्राथमिकता दी। वे कहते थे, कोई भी टीम बिना अनुशासन के सफल नहीं हो सकती।
**2. टीम वर्क :** उनका मानना था कि एक सफल टीम वही होती है जिसमें सभी खिलाड़ी एकजुट होकर खेलें। टीम की सफलता व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से होती है।
**3. मेहनत और दृढ़ता :** उन्होंने खिलाड़ियों को सिखाया कि मेहनत और दृढ़ता से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।
रहीम साहब के योगदान को याद रखते हुए, हम सभी को उनके अनुशासन, मेहनत और जुनून से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिससे भारतीय फुटबॉल को और ऊँचाइयों पर पहुँचाया जा सके। उनकी महानता और उनके योगदान को सलाम।

## फिर उठा जवाबदेही का सवाल

कुछ वर्ष पहले मैं खुद श्रद्धालुओं की भीड़ में फंस गई थी। बृहस्पतिवार की उस गर्म दोपहर में हम सभी लोग शिरडी में साईं बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। एक समय ऐसा आया, जब श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई कि मैं बेचैन हो उठी और मुझे लगा कि मैं वापस बाहर निकल जाऊं। लेकिन निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। मैं लोगों की भीड़ में फंसी हुई थी और अगर जरा भी चूक होती, तो कुचले जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।

मैं वहां से किसी भी तरह स्वस्थ और सुरक्षित वापस निकलने के लिए प्रार्थना कर रही थी। मैं असहाय महसूस कर रही थी। सौभाग्य से निर्विघ्न दर्शन संपन्न हो गए। लेकिन उस दोपहर की यादें अब भी मेरे जेहन में हैं। और हर बार जब भी कहीं भीड़ के कुचलने की घटना होती है, तो वह घटना फिर से सामने आ जाती है। ऐसी घटनाएं हमारे देश में आम हैं, लेकिन ऐसा बहुत कम मौकों पर होता है, खासकर धार्मिक समारोहों के दौरान।

ऐसी त्रासद घटनाएं केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी होती हैं। वर्ष 2015 में पवित्र हज यात्रा के दौरान 2,000 से ज्यादा श्रद्धालु भीड़ में कुचलकर मर गए थे। अभी हाथरस में एक स्थानीय

धर्म गुरु के सत्संग से बाहर निकलते समय 120 से ज्यादा लोग भीड़ में कुचलकर मर गए। हालांकि भारत में भीड़ में कुचलने का इतिहास काफी पुराना है। स्वतंत्र भारत में ऐसी पहली घटना फरवरी, 1954 में कुंभ मेला के दौरान हुई थी, जिसमें आज भी लाखों श्रद्धालु आते हैं। अनुमानों के मुताबिक, उस त्रासद घटना में करीब 800 तीर्थयात्रियों ने अपनी जानें गंवाई थीं। उस समय द गार्जियन में छपी रिपोर्ट में सैकड़ों लोगों के लापता होने की बात कही गई थी।

भीड़ द्वारा कुचले जाने की दुखद कहानी दशकों से जारी है। दक्षिण भारत के सबरीमाला से लेकर नागपुर, मध्य प्रदेश और पटना तक, इन घटनाओं ने श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया है।

यह बात साबित हो चुकी है कि उत्साह और भीड़ का मेल अच्छा नहीं होता, फिर भी हमारे जैसे धार्मिक देश में इनका मेल अपरिहार्य रूप से होता ही है। हालांकि कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों का प्रबंधन अच्छी तरह से किया गया है, खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पिछले कुंभ का। लेकिन, छोटे धार्मिक आयोजनों एवं सत्संगों में यह नहीं दिखता।

हालांकि, ऐसे ज्यादातर आयोजन तमाम अव्यवस्थाओं के बावजूद सुरक्षित ढंग से निपट जाते हैं, लेकिन हाथरस जैसी विनाशकारी घटनाएं हमें एक बार फिर अनियंत्रित भीड़ के पीछे छिपे खतरे के बारे में चेताती हैं। हालांकि किसी की भक्ति एवं आस्था को नकारा नहीं जा सकता और यह लोगों का अधिकार है। ऐसे सामूहिक आयोजन मानवीय पीड़ा के लिए सांत्वना और सामुदायिक भावना प्रदान करते हैं।

ऐसे आयोजनों में जाने वाले लोग आम तौर पर समाज के गरीब तबके के होते हैं और जब लोग इन पर टिप्पणी करते हैं, तो उनमें अभिजात वर्गीय भावना ही दिखती है।

## गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे



भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी।

कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता।

जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा।

पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं।

शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। शहरीकरण यानी रफ्तार और रफ्तार का मतलब है वाहन और वाहन है कि विदेशी मुद्रा भंडार से खरीदे गए ईंधन को पी रहे हैं और बदले में दे रहे हैं दूषित वायु।


शहर को ज्यादा बिजली चाहिए यानी ज्यादा कोयला जलेगा, ज्यादा परमाणु संयंत्र लगेंगे। शहर का मतलब है औद्योगिकीकरण और अनियोजित कारखानों की स्थापना, जिसका परिणाम है कि हमारी लगभग सभी नदियां अब जहरीली हो चुकी है। महानगरों की बढ़ती आबादी को सिर छुपाने को मकान चाहिए, जिसके लिये हरीतिमा क्षेत्रों को हम कंक्रीट के जंगल में तब्दील करते जा रहे हैं। नदी थी खेती के लिए, मछली के लिए, दैनिक कार्यों के लिए, न कि उसमें गंदगी बहाने के लिए। गांवों के कस्बें, कस्बों के शहर और शहरों के महानगर में बदलने की होड़, एक ऐसी मृग मरीचिका में लगी है, जिसकी असलियत कुछ देर से खुलती है लेकिन जब खुलती है तब तक लोगों की सांस लेना दुभर हो चुका होता है, जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं।

दरअसल स्वतन्त्र भारत के विकास के लिए हमने जिन नक्शे कदमों पर चलना शुरू किया उसके तहत बड़े-बड़े शहर पूंजी केन्द्रित होते चले गये और रोजगार के स्रोत भी ये शहर ही बने। शहरों में सतत एवं तीव्र विकास और धन का केन्द्रीकरण होने की वजह से इनका बेतरतीब एवं असंतुलित विकास स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ कि यह राजनीतिक दलों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ता चला गया, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति से कटता गया। प्रबुद्ध नागरिक बढ़ते शहरीकरण को लेकर चिंतित रहते हैं और अनियोजित शहरी विकास को नियोजित विकास का रूप दिलाने के लिए न्यायालयों तक का दरवाजा खटखटाते हैं। इसके बावजूद अनियोजित शहरीकरण बढ़ रहा है। शहरीकरण के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। ऐसे में नीति निर्माताओं को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना होगा।

शहरों के विस्तार की बजाय गांवों-कस्बों के विकास पर ध्यान देना होगा। गांव आधारित आर्थिक विकास एवं आर्थिक व्यवस्था को प्रोत्साहन देना होगा। वहां रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करके ग्रामीण आबादी को शहरों की ओर पलायन से रोका जा सकता है। इससे शहरों पर दबाव भी कम होगा और पर्यावरण, स्वास्थ्य, जीवनशैली पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव में भी कुछ हद तक कमी आएगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3233



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3232 का हल



## हंसी के फूव्वारें

अपराधी का पहला अपराध होने के कारण न्यायाधीश ने उसे क्षमा करते हुए कहा- 'हमें पूरा विश्वास है तुम कभी यहां दिखाई नहीं दोगे.'

हां हजूर, मेरी कोशिश होगी कि पुलिस मुझे न पकड़ सके और फिर कभी मैं यहां न दिखाई दूँ.

□ □ □

'अरे यह क्या? आप कहां से आ रहे हैं? कपड़े फटे हुए हैं. खून निकल रहा है, सिर पर चोट लगी है. चलो आपको घर पहुंचा दूं.' मित्र ने संवेदनाभरे स्वर में कहा.

नहीं, नहीं मैं घर नहीं जाऊंगा, घर से ही आ रहा हूँ, घायल ने शीघ्रतापूर्वक कहा.

□ □ □

एक यात्री ने बड़े तेज स्वर में रेलवे के स्टेशन मास्टर से शिकायत कि-चालीस मिनट हो गये, ट्रेन अभी तक नहीं पहुँची.

स्टेशन मास्टर ने कहा-घबराइये नहीं, यह टिकट चौबीस घण्टे तक चल सकता है.

□ □ □

क्या आप जानते हैं कि नाव को स्त्रीलिंग क्यों माना जाता है?


'क्योंकि नाव हवा के साथ-साथ अपना रुख बदलती रहती है.'

□ □ □

शिक्षक: पानी पर मच्छर क्यों बैठते हैं?

राजीव: इसलिए कि पानी उड़ न जाये.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3233



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रहो हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की 'बॉसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली से मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'माँ तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'स्टम्प्ड' की निर्मात्री एवं नायिका कौन हैं-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल की 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ अरे' गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'तलाश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'अंखियाँ मिलाके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3232



## सूडोकु -3233


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3232 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 3233



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली -3232 का हल



# यूनीटेक बिल्डर के 3 भूमि पार्सल ले आउट को मंजूरी

## नोएडा के 5000 से ज्यादा बायर्स को मिलेगा फायदा, यूनिटेक पर 11 हजार करोड़ का है बकाया

नोएडा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने यूनिटेक परियोजना के तीन भूमि पार्सल के लेआउट को मंजूरी दे दी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक साल पुराने आदेश को संशोधित किया। जिसमें उसने नोएडा प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि वह यूनिटेक को आवंटित पूरी जमीन पर संशोधित ले आउट योजनाओं को मंजूरी बिना बकाया वसूली के दे। यूनिटेक पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए का बकाया है।

26 अप्रैल को अपने नए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण को बकाया राशि पर जोर न देने के अलावा यूनिटेक को दी गई कुल भूमि को दो खंडों में विभाजित किया। एक जहां घर खरीदारों को फ्लैट और प्लॉट आवंटित किए गए हैं। दूसरा जहां परियोजनाएं अभी बाकी हैं लॉन्च होनी है। प्राधिकरण को पहले खंड के ले आउट को मंजूरी देने का निर्देश दिया गया था। जहां परियोजनाएं 31 मई तक लॉन्च की गई थीं।




### 3 खंड में यूनिटेक के पास है 443 एकड़

प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक, यूनिटेक के पास तीन खंडों में 443 एकड़ जमीन है। 246 एकड़ पर परियोजनाओं के लिए लेआउट की मंजूरी दी गई है। जबकि दूसरे खंड में 197 एकड़ जमीन खाली है। सेक्टर 96, 97, और 98 में, यूनिटेक ने तीन परियोजनाएं शुरू की थीं इसमें एम्बर, बरगंडी, और विलो 1 और 2 शामिल है। इन परियोजनाओं में 638 घर खरीदार हैं, जिनमें से 178 ने रिफंड मांगा था। नोएडा प्राधिकरण ने 164 एकड़ भूमि पर 818 इकाइयों को मंजूरी दे दी है, जबकि दूसरे खंड में 180 एकड़ जमीन खाली है।

सेक्टर 113 में डेवलपर ने यूनिहोम्स 3 लॉन्च किया, जिसके 1,621 घर खरीदार हैं। इनमें से 941 ने रिफंड मांगा है। नोएडा प्राधिकरण ने 26.5 एकड़ में 1,751 इकाइयों को मंजूरी दे दी है। जिसमें लगभग 9 एकड़ जमीन खाली पड़ी है। सेक्टर 117 में, डेवलपर ने एक्सक्विसाइट, द रेजिडेंस, यूनीहोम्स 1 और 2, यूनीवर्ल्ड और गार्डन लॉन्च किए, जिसमें 3,327 घर खरीदार शामिल थे, जिनमें से 1,036 ने रिफंड मांगा है। प्राधिकरण ने 56 एकड़ में 3,728 इकाइयों को मंजूरी दी है, जबकि दूसरे खंड में 8.7 एकड़ जमीन खाली छोड़ी गई है।

### प्राधिकरण चाहता था उसे खाली जमीन वापस मिले

अप्रैल के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने खाली भूमि पार्सल के बारे में नोएडा प्राधिकरण की चिंताओं पर विचार किया। प्राधिकरण चाहता था कि यूनिटेक समूह खाली भूमि को वापस कर दे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खाली ज़मीन पर बाद में निर्णय लिया जाएगा। ये मामला बकाया राशि, सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड और शीर्ष अदालत में चल रहे एक अन्य मामले की सुनवाई के बाद तय किया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने प्राधिकरण को बकाया राशि पर जोर दिए बिना यूनिटेक परियोजनाओं के संशोधित नक्शा को मंजूरी देने का निर्देश दिया था। यूनिटेक ने मौजूदा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पूंजी और संसाधन उत्पन्न करने के लिए खाली क्षेत्रों में नए टावर और प्लॉट किए गए मकान बनाने का प्रस्ताव रखा।

# नोएडा में लागू होगी सेमी कंडक्टर नीति-2024

## बोर्ड से मिलेगी हरी झंडी, ताइवान, चीन और अमेरिका के बाद होगा निर्यातक

नोएडा। नोएडा में डेटा सेंटर के बाद अब सेमी कंडक्टर चिप की इंडस्ट्री लगेंगी।

इसके लिए जरूरी है कि नोएडा में सेमी कंडक्टर नीति 2024 को लागू किया जाए। इस नीति को बोर्ड मैंबर के सामने रखा जाएगा। प्रस्ताव को हरी झंडी मिलना तय है।

इसके बाद जो भी निवेश नोएडा में सेमी कंडक्टर प्लांट लगाना चाहेगा उसे जमीन और पॉलिसी के तहत छूट भी दी जाएगी। इससे दो फायदे होंगे। पहला सेमी कंडक्टर चिप के लिए हमारी आत्मनिर्भरता दूसरे देशों से कम होगी और दूसरा यहां लोगों को रोजगार मिलेगा। वर्तमान में वर्तमान में ताइवान, चीन और अमेरिका की कंपनियां इन सेमीकंडक्टर की सबसे बड़ी निर्यातक हैं।

इस नीति को जनवरी 2024 में यूपी कैबिनेट ने मंजूर किया। नोएडा प्राधिकरण आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से अधिसूचित उत्तर प्रदेश सेमी कंडक्टर नीति 2024 को अपने जा रहा है।

इस नीति के लागू होने पर सेमी कंडक्टर बनाने वाली कंपनियों में निवेश कराया जाएगा। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। उक्त नीति के तहत जो भी दिशा निर्देश आएंगे उनका अनुपालन कराया जाएगा।

भारत में खपत की बात करें तो जानकारों के अनुसार 2030 से अकेले भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 110 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा में इंडस्ट्री को लगाने के लिए जमीन मुहैया कराई जाएंगी। यहां बनने वाली चिप निर्यात भी की जाएंगी। यानी आत्मनिर्भरता के लिए ये बड़ा कदम होगा।

गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। यूपी चौथा राज्य है।

### क्या है सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री इसे समझे

मोबाइल, कार, लैपटॉप से लेकर तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल होता है। सिलिकॉन से बनी ये एक बेहद छोटी सी चिप होती है। जिसका प्रयोग हर इलेक्ट्रिक डिवाइस में किया जाता है। न आपको एटीएम से पैसा मिलेगा न ही फैक्ट्रियों में कोई प्रोडक्शन हो पाएगा। यही कारण है कि सेमीकंडक्टर को आज 21वीं सदी का 'न्यू ऑयल' भी कहा जाता है।

जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है। अब इस नीति को नोएडा एडाप्ट करेगा। माना जा रहा है इस नीति को एडाप्ट करने वाला नोएडा पहला शहर होगा।

इससे पूरे पश्चिमी यूपी का विकास होगा। साथ ही न्यू नोएडा में इसके लिए बेहतर विकल्प भी होंगे।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि नोएडा में लैंड बैंक कम है। लेकिन न्यू नोएडा बसने वाला शहर है। वहां सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री बेहतर रोजगार के साथ राजस्व को बढ़ावा देंगी।

### बहनोई पर दुष्कर्म करने का आरोप

नोएडा। महिला ने रिश्ते के ननदोई पर बीयर पिलाने के बाद होटल ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला के पति ने आरोपी की पिटाई भी की। घटना से संबंधित वायरल वीडियो की पुलिस जांच कर रही है। सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित गांव निवासी युवक का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व रिश्ते के बहनोई ने कराया था। बीते दिनों युवक का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। इसकी सूचना पर रिश्ते का बहनोई युवक के घर पहुंचा और उसकी पत्नी को कार में बैठाकर मायके ले जाने के लिए निकला। कुछ देर बाद युवक को जानकारी हुई कि रिश्ते का बहनोई उसकी पत्नी को सेक्टर-71 स्थित एक होटल में ले गया है।

# सुपरनोवा कंपनी को एनसीएलएटी से राहत

## नोएडा में दिवालिया प्रक्रिया पर लगी रोक, 90 दिन में पैसा वापस करने का वादा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरटेक रियलर्टस की सुपरनोवा परियोजना के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया सुलझ सकती है। सुपरटेक ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र ये लिया 168.0 करोड़ रुपए एक किस्त में देने का ऑफर दिया है। इस ऑफर को आधार बनाकर नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सुनवाई में ऋणदाता से फैसले का इंतजार करने की बात कही। इस दौरान ट्रिब्यूनल ने इंटैरिम रिजाल्यूशन प्रोफेशनल की ओर से गठित की जाने वाली कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स के गठन पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। एनसीएलएटी ने कहा कि सुपरटेक की ओर से ऋणदाता को रिवाइज्ड सेटलमेंट प्लान दिया गया है। इस प्लान के आधार पर ऋणदाता जो भी फैसला लेगा उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। ट्रिब्यूनल ने कहा कि इस दौरान आईआरपी के निर्देशन में परियोजना पर काम चलता रहेगा।



### वन टाइम सेटलमेंट का दिया ऑफर

एनसीएलएटी की तीन सदस्य बेंच का मानना है कि सुपरटेक रियलटर्स ने ऋणदाता कंपनी को वन टाइम सेटलमेंट ऑफर दिया है। वहीं लीड बैंक भी सुपरटेक के इस ऑफर से सहमत है। लेकिन प्रमुख याचिकाकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र को अभी फैसला लेना है। वह सुपरटेक के ऑफर को लेगा या नहीं। इसमें बैंक के चार सदस्य कंसोर्टियम को भी ऑफर के बाबत फैसला लेना है। अपीलेट ट्रिब्यूनल की ओर से ऋणदाता को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में अपना मत जाहिर करने का कहा गया है। सुपरटेक के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी ओर से बैंक ऑफ महाराष्ट्र को पूरा पैसा चुकाने का ऑफर दिया गया है। लेकिन इसके लिए 90 दिन की मांग की गई है। यह पैसा दूसरे बैंकों से पैसा लेकर चुकाया जाएगा। हालांकि इसके लिए सुपरटेक को नोएडा प्राधिकरण से एनओसी लेनी होगी। प्राधिकरण की एनओसी के बिना कंपनी दूसरे बैंकों से लोन नहीं ले सकती है। उन्होंने प्राधिकरण के पास आवेदन किया है। जबकि सुपरटेक प्राधिकरण का बड़ा कर्जदार है।

# प्लॉट बेचने का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ हड़पे

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईकोटेक-2 स्थित उद्योग विहार में औद्योगिक प्लॉट बेचने के झांसा देकर करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये ठगने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कंपनी के चार निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी ग्रेटर नोएडा निवासी प्रदीप कुमार जैन ने न्यायालय में याचिका दायर की थी कि करीब चार वर्ष पहले उनकी मुलाकात राजीव गोयल, संजय गोयल, जितेंद्र पाल सिंह और मनजीत कौर से हुई। चारों ने खुद को एक कंपनी का निदेशक बताते हुए बिजनेस पार्टनर बताया था। सभी ने उनको झांसा दिया कि उनका एक औद्योगिक प्लॉट है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। उन्होंने प्लॉट का सौदा तय कर लिया और कंपनी के खाते में तीन करोड़ 42 लाख 11 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद पीड़ित ने प्लॉट का ट्रांसफर करने के लिए कहा तो आरोपी टरकाने लगे। पीड़ित ने प्लॉट के ट्रांसफर के लिए दबाव बनाया तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रदीप ने पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# नोएडा में 87 स्कूल बसों की चेकिंग, 18 के चालान

## स्टूडेंट्स को किया जागरूक, अधिकारी बोले- ड्राइवर ओवर स्पीडिंग दिखे, तो स्कूल को बताएं

नोएडा। नोएडा परिवहन विभाग ने 87 स्कूल बसों को चेक किया। 18 स्कूल बसों के चालान किए गए। इन बसों में फिटनेस से लेकर दस्तावेज तक कम मिले। ये चैकिंग नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रवर्तन दलों ने सेक्टर-62, परी चौक, नॉलिज पार्क, सूरजपुर, सेक्टर- 135 में की गई।

अभियान में प्रवर्तन अधिकारियों ने टैंपो और ई रिक्शा की जांच की। यहां कई चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना सीट बेल्ट के वाहन संचालित करते पाए गए।

सहायक संभागीय परिवह अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया- ऑटो और ई-रिक्शा स्टूडेंट्स के आवाजाही के लिए सुरक्षित नहीं हैं। सुरक्षा के लिए ग्रिल नहीं होने, बंद बाड़ी न होने से इनमें स्कूल के बच्चों को ले जाना जोखिम भरा है। क्षमता से ज्यादा बच्चों को ढोना दुर्घटना की सम्भावनाओं को कई गुना बढ़ाता है।



डॉ पांडेय ने बसों के अंदर जाकर स्टूडेंट्स से बातचीत की। उनको बताया कि यदि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करे, ओवर स्पीडिंग करे, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करे तो उसकी सूचना स्कूल और माता-पिता को अवश्य दें। बच्चे बस से बाहर अपने शरीर का कोई-अंग हाथ, सर ना निकाले, चढ़ते उतरते समय पूरी सावधान रखें। चलती बस में चढ़ना उतरना खतरनाक है। पैदल सड़क पार करते समय पहले रुके, देखें और सुरक्षित होने पर ही सुरक्षित स्थान, जेब्रा क्रासिंग से सड़क पार करें।

## शार्ट न्यूज

### वीआईपी नंबरों की बोली में फेक बिडरों की सेंधमारी

नोएडा। यूपी 16 ईके सीरीज के वीआईपी नंबरों की बोली में फेक बिडरों ने सेंध लगानी शुरू कर दी है। इस सीरीज के 0001 नंबर के लिए 10 वाहन स्वामियों ने दावेदारी करते हुए 11 लाख रुपये की बोली लगाई है। लेकिन अब तक यह नंबर किसी को आवंटित नहीं किया गया है। बोली ज्यादा होने के कारण जो असली बोलीदाता हैं वह इससे ज्यादा की बोली लगाने से कतरा रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। बल्कि हर बार बोली प्रक्रिया में ऐसा आमतौर पर देखने को मिलता है। यहीं नहीं 0003, 0004 नंबर के लिए भी 10-10 वाहन स्वामियों ने छह से सात लाख रुपये तक की बोली लगाई है। परिवहन विभाग हर माह 348 नंबरों को वीआईपी श्रेणी में रखकर बोली प्रक्रिया संचालित करता है। नियमानुसार नीलामी के लिए प्रत्येक नंबर पर कम से कम तीन-तीन लोगों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। यदि किसी नंबर पर तीन से कम बोलीदाता हैं तो वह नंबर नीलाम नहीं किया जा सकता है। इस बार 25 नंबरों की नीलामी में लोगों ने भाग लिया है।

### गाजियाबाद में 39 स्कूलों को फटकार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में राइट टू एजुकेशन के तहत चयनित हुए गरीब बच्चों के एडमिशन लेने में प्राइवेट स्कूल नखरे दिखा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने ऐसे 39 स्कूलों को गुरुवार को हड़काया। कहा कि जिस बच्चे का नाम लिस्ट में आ रहा है, उसका एडमिशन तत्काल करें। अगर किसी तरह की क्वेरी है तो उसे बीएसए कार्यालय को बताएं, लेकिन बच्चे के घर पर पहुंचकर जांच-पड़ताल न करें। सीओडी अभिनव गोपाल ने इन 39 स्कूलों की बैठक गुरुवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में ली। इस बैठक में आरटीई के तहत होने वाले दाखिलों की समीक्षा की गई। डीपीएस वसुंधरा, डीएलएफ पब्लिक स्कूल राजेंद्रनगर, जिंदल पब्लिक स्कूल सुदामापुरी, चक्र मंगलम वर्ल्ड स्कूल वैशाली, शंभू दयाल ग्लोबल स्कूल दयानंद नगर और गुरुकुल स्कूल डासना रोड में बेहद कम बच्चों के दाखिले पर चिंता जताई गई। सीओडी ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि आरटीई सूची में जिन बच्चों के नाम आ जाएं, उन बच्चों का दाखिला अवश्य लिया जाए। सीओडी ने ये भी कहा कि स्कूलों द्वारा अभिभावक की आय और उनके घर की स्थिति की जांच कराई जा रही है। ये एकदम गलत है।

### आरआरटीएस स्टेशनों पर मिलेगी लास्ट माइल कनेक्टिविटी

गाजियाबाद। मेरठ में आरआरटीएस कॉरिडोर पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए एनसीआरटीसी कई कदम उठा रही है। इसके लिए फीडर ऑपरेटर, कैब, ऑटो रिक्शा और बाइक टैक्सी की कंपनियों के संपर्क में है। एनसीआरटीसी ने दिल्ली से लेकर मेरठ तक के सभी 25 स्टेशन के लिए एप्लिकेशन मांगा गया है। नमो भारत ट्रेनों का संचालन शुरू होने के साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी लोगों को मिले। इसके लिए यात्रियों को स्टेशन पर रेंटल दुपहिया वाहन और रेंटल साइकिल की सुविधा उपलब्ध करने के लिए भी एनसीआरटीसी कोशिश कर रहा है। साहिबाबाद से लेकर मोदी नगर नॉर्थ तक 34 किमी के सेक्शन में नमो भारत ट्रेनों का संचालन जारी है। इस सेक्शन में आने वाले स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की इलैक्ट्रिक बसों को उपलब्ध कराया है। जो साहिबाबाद, गाजियाबाद, डीपीएस राजनगर गुलधर, दुहाई, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ स्टेशनों पर अलग-अलग 7 रूटों पर इलेक्ट्रिक बसें लोगों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर खाई में गिरी बस

दनकौर। यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार तड़के ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से डबल डेकर बस टकरा गई। हादसे में बस 20 फीट नीचे खाई में पलट गई और 15 लोग घायल हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बस से बाहर निकालकर जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है। बिहार से एक डबल डेकर बस 50 सवारियों को लेकर गुरुवार की तड़के करीब पांच बजे यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रही थी। दनकौर क्षेत्र में बस चालक ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और ट्रैक्टर का ड्राइवर आशु और हेल्पर उसके नीचे दबकर घायल हो गए। साथ ही, बस भी असंतुलित होकर यमुना एक्सप्रेसवे से करीब 20 फीट नीचे खाई में गिर गई। इससे बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस ने पलटी नहीं खाई। इस घटना में बस में सवार करीब 13 सवारियों को चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पलटे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक्सप्रेसवे से अलग किया।

# डबर डेकर बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर

## बस में सवार 13 यात्री समेत 15 लोग घायल, यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

जेवर। गौतमबुद्ध नगर की दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार की सुबह आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से करीब 40 सवारियों से भरी डबल डेकर बस ओवरटेक के दौरान टकरा गई। बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली यमुना एक्सप्रेस-वे पर ही पलट गई। जबकि बस असंतुलित होकर एक्सप्रेसवे के नीचे जाकर पलट गई।

हादसे में बस में सवार करीब 13 सवारियों समेत 15 लोगों को चोट आई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बस से बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां सभी का इलाज चल रहा है। जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।





बिहार से एक डबल डेकर बस करीब 40 सवारियों को लेकर दिल्ली के लिए गुरुवार की सुबह आ रही थी। बताया जाता है कि जब यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते बस दनकौर क्षेत्र से होकर जा रही थी। उसी दौरान आगे चल रहे ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से ओवरटेक के दौरान बस की टक्कर हो गई। इस घटना में ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर ही पलट गई। इस घटना में ट्रैक्टर का ड्राइवर आशु और हेल्पर उसके नीचे दबकर घायल हो गया। साथ ही बस भी असंतुलित होकर यमुना एक्सप्रेस-वे से करीब 20 फीट नीचे जाकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार करीब 13 सवारियों को चोट आई है। साथी ही ट्रैक्टर का ड्राइवर और हेल्पर भी घायल हुए हैं। घटना के दौरान बस के अंदर चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक इस घटना में दीपक, सुरेंद्र, निक्की, अरुण, रौनक़, कृष्णा, आर्यन, साधना, सीताराम, गजेंद्र और भोला समेत 15 घायल हुए हैं। सभी लोग मजदूरी करने की तलाश में बिहार से दिल्ली के लिए आ रहे थे। पुलिस का कहना है प्राथमिक जांच में पता चला है कि बस के ड्राइवर को नींद की झपकी आ जाने की वजह से ही बस के ड्राइवर ने आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक के दौरान टक्कर मारी है। पुलिस का कहना है एक सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पतालों में भर्ती कराया है। यहां पर सभी का इलाज चल रहा है। बाद में पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को वहां से अलग हटाया। साथ ही पलटी हुई बस को भी अलग किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से बस टकराई है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। इस संबंध में अभी किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# म्यूजिक टीचर बच्ची को कंप्यूटर पर दिखाता था अश्लील वीडियो, गिरफ्तार

नोएडा। घर आकर 10 साल की बच्ची को संगीत और नृत्य सिखाने वाला शिक्षक कंप्यूटर पर पॉर्न वीडियो दिखा रहा था। आरोपी हर दिन नए-नए वीडियो कंप्यूटर पर अपलोड करता था। मंगलवार को मां ने वीडियो देखते हुए बेटी को पकड़ा जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। अभिभावकों की शिकायत पर कोतवाली फेज-3 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक तुर्कमान गेट दिल्ली निवासी सैमुअल अनुराग को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से बिहार निवासी परिवार सेक्टर-121 स्थित बिल्डर सोसाइटी में रहता है। सोसाइटी निवासी प्रोजेक्ट इंजीनियर की 10 साल की बेटी निजी स्कूल में छठी क्लास में पढ़ती है। बच्ची को संगीत और नृत्य का शौक है। इस कारण अभिभावकों ने घर पर ही सिखाने के लिए म्यूजिक व डांस टीचर रखा था। म्यूजिक टीचर डांस क्लास के दौरान बच्ची को कंप्यूटर पर पॉर्न वीडियो दिखा रहा था। कई दिनों तक सिलसिला चलता रहा। मंगलवार को बच्ची कंप्यूटर पर अकेले वीडियो देख रही थी। तभी उसकी मां ने देख लिया।



मां ने बच्ची से कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद उसने बताया कि म्यूजिक टीचर उसे रोजाना इस तरह का वीडियो दिखाता था। परिजनों ने मंगलवार देर शाम को कोतवाली फेज-3 पुलिस से मामले की शिकायत की। नोएडा सेंट्रल की एसीपी दीक्षा सिंह के मुताबिक कोतवाली फेज-3 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# इंक्यूबेशन सेंटर के जरिये उद्यमियों का होगा कौशल विकास

ग्रेटर नोएडा। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के एमएसएमई पार्क में इन्क्यूबेशन और प्रशिक्षण केंद्र की योजना को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) को प्राधिकरण ने छह हजार मीटर जमीन देने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) ने बृहस्पतिवार को प्राधिकरण के सीईओ से मुलाकात कर उन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का प्रस्ताव दिया। एमएसएमई पार्क में उद्यमियों को कारोबार के विस्तार का भी प्रशिक्षण मिलेगा। एमएसएमई इकाइयों और छोटे कारोबारियों को लाभ मिलेगा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-29 में 288 एकड़ में एमएसएमई पार्क प्रस्तावित है। इसमें कुल 517 भूखंड होंगे। जिन पर लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को शुरू किया जा सकेगा। कुल 517 में से 221 का लीज प्लान जारी हो चुका है जबकि 117 भूखंडों की लीज कराई जा चुकी है। शेष 179 भूखंडों पर नई योजनाओं को लाया जाएगा।

### 1657 भूखंडों की हुई रजिस्ट्री

औद्योगिक सेक्टर में अब तक 1657 भूखंडों की रजिस्ट्री हो चुकी है। जबकि यहां सेक्टर 24, 28, 29, 32, 33 के कुल 3095 एकड़ क्षेत्रफल में उद्यमियों को 3041 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। इनमें 2058 का लीज प्लान जारी हो चुका हैं और करीब 2500 एमएसएमई के लिए आवंटित हुए हैं। सेक्टर-32 में 1814 एमएसएमई और सेक्टर-133 मे 160 एमएसएमई इकाइयां शुरू होंगी।

### सेक्टर पांच में किसान से सीधे होगी जमीन की खरीद

सेक्टर-5 में आवासीय परियोजनाओं को गति देने के लिए प्राधिकरण सीधे किसान से जमीन की खरीद करेगा। हालांकि इसके अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसी सेक्टर में जापानी सिटी का प्रस्ताव है। इस सेक्टर में 381 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव है।

# ग्रेनो प्राधिकरण गांवों में लगाएगा शिविर

**जनस्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारी रहेंगे मौजूद, किसानों की पात्रता होगी निर्धारित**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए शनिवार को घंघोला गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसानों की पात्रता निर्धारित की जाएगी। किसान पात्रता से जुड़े दस्तावेज कैंप में प्राधिकरण के अधिकारियों को सौंप सकते हैं। इसके बाद प्राधिकरण अन्य गांवों में भी इसी तरह का शिविर लगाने के लिए शेड्यूल जारी करेगा। इस शिविर में प्रोजेक्ट, जनस्वास्थ्य व अन्य विभागों के अधिकारी भी कैंप में मौजूद रहेंगे। ग्रामीण गांव की समस्याओं से भी प्राधिकरण की टीम को अवगत करा सकते हैं। उन समस्याओं को भी हल किया जाएगा। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 6 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में कई गांवों में शिविर लगाए जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव के चलते शिविर का आयोजन बंद कर दिया गया था।

अब फिर से ये शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आगामी शनिवार को प्राधिकरण के भूलेख विभाग, परियोजना विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग की टीम सुबह करीब 10 बजे प्राथमिक विद्यालय पहुंचेगी। किसानों से 6 फीसदी भूखंड के लिए कागजात लेकर उनकी मांगों को पूरा करेगी।

# मुरादाबाद की प्राइवेट यूनीवर्सिटी में एक माह में तीन मौतें, प्रशासन सवालों के घेरे में



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की चर्चित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) से फिर एक बार सुसाइड का मामला सामने आया है। गुरुवार को यहां एमबीबीएस छात्र की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। एक महीने में इस यूनीवर्सिटी में हुआ मौत का यह तीसरा मामला है लेकिन तीनों घटनाओं में समानता यह है कि सुसाइड नोट किसी में भी नहीं मिला।

पुलिस अधीक्षक (नगर) अखिलेश भदौरिया ने गुरुवार को बताया कि आज़ तड़के सूचना मिली थी कि थाना पाकबड़ा क्षेत्र में दिल्ली रोड़ स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी ( तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी) टीएमयू के एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट के छात्र ओशो राज उर्फ़ बसु छात्र की लाश कमरे में फंदे पर लटकी मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बारे में मृतक छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

एसपी सिटी ने बताया कि झारखंड में रांची निवासी ओशोराज से जुड़ी घटना की तहकीकात की जा रही है। बताया जा रहा है कि ओशो राज एमबीबीएस करने के बाद टीएमयू से एमडी एनेस्थीसिया पीजी की पढ़ाई कर रहा था ।गुरुवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उसका शव फंदे से लटका मिला है। झारखंड रांची के ओल्ड एमबी रोड़ कत्थार टोली निवासी ओशो राज चौधरी अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। पिता डॉ अपूर्व चौधरी झारखंड में सीएमओ थे उनकी मृत्यु पहले ही हो चुकी है। जबकि ओशो राज की मां पूनम चौधरी रांची गवर्नमेंट इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल हैं।

टीएमयू लगातार सवालों के घेरे में रही है और इस बार तो एक माह के अंतराल में यह तीसरी मौत है। अभी चार दिन पहले यानी एक जुलाई 24 को यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अदिति मेहरोत्रा की लाश फर्श पर पड़ी मिली थी। पुलिस ने लाश का मुआयना करने के बाद जो खुलासा किया वो कहीं ज्यादा हैरतअंगेज था क्योंकि महिला प्रोफेसर की संदिग्धावस्था में मौत को आत्महत्या क़रार दिया था। हालांकि पुलिस की जांच चल रही है। विसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

महिला प्रोफेसर द्वारा अपनी गर्दन पर चाकू मारकर खुदकुशी करने की जो बात बतायी जा रही है, ये बात लोगों के गले नहीं उतर रही। दूसरी ओर अभी तक पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है कि डॉ अदीति मेहरोत्रा के पास से कोई सुसाइड नोट मिला है।

# बुलंदशहर : मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश मे जनपद बुलंदशहर की थाना सलेमपुर पुलिस एवं स्कूटी सवार बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक चोरी की स्कूटी बरामद किए ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार तड़के थाना सलेमपुर पुलिस टीम संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चैकिंग में व्यस्त थी तभी चिट्टा गेट के पास एक स्कूटी पर तीन संदिग्ध व्यक्ति अकारण बैठे दिखाई दिये ।

पुलिस को अपनी ओर आता देख बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा भागने लगे। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में बदमाश गुलशन के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जिसको घायलावस्था में अपने एक अन्य साथी आकाश के साथ गिरफ्तार किया गया व एक अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा ,जिसकी काम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

पुलिस पछताछ में गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गुलशन निवासी ग्राम अमरपुर थाना अहार जनपद बुलन्दशहर एवं आकाश निवासी ग्राम भाटोला थाना सैद नगरी जनपद अमरोहा के रूप में हुई है।

घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे अपराधी हैं।

# लखीमपुर में जलभराव ने खोली प्रशासन और नपा की पोल

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में मानसून ने दस्तक दे दिया है। यहां मंगलवार की रात से शुरू हुई बारिश बुधवार दोपहर तक हुई। 12 घंटे हुई बारिश से लखीमपुर शहर सहित जिले के कई इलाकों में सड़क से लेकर घरों तक पानी भर गया। लखीमपुर के खपरैल बाजार में दुकानों में पानी घुसने से लाखों का नुकसान हुआ है। रमियाबेहढ के सरकारी विद्यालय का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें लोग नाव से सवारी कर रहे हैं। गोला में नगरपालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला ने एसडीएम विनोद गुप्ता के साथ नगर भ्रमण कर अतिक्रमण प्वाइंट चिह्नित कर जलभराव की समस्या के निपटने की योजना बनाई। भारी बारिश के अलर्ट के चलते आज सभी स्कूल बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बंद करवा दिए हैं। खपरैल बाजार में जलभराव को लेकर दुकानदारों ने बताया कि मिश्राना चौराहे से निकले नाले पर अतिक्रमण है। उसकी सफाई प्रशासन ने नहीं करवाई। नाला चोक होने की वजह से बाजार से लेकर घरों में पानी घुसा है।

इसी को लेकर सभासदों में भी नाराजगी है। जिनका कहना है कि बरसात के पहले यदि नगरपालिका प्रशासन द्वारा नालों से अतिक्रमण हटवाकर सफाई करवाई जाती तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती।

सभासदों और व्यापारियों की नाराजगी को देखते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने जेसीबी को भेजकर चोक नाला की सफाई के लिए मिश्राना चौराहे पर सड़क खुदवा दी।

## लखनऊ में बेकाबू बस ने डिवाइडर तोड़ा

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी ओर जा रही होंडा अमेज कार में भिड़ गई। टक्कर लगने से कार सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, कार और बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद सड़क की एक ओर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पीजीआई की ओर से आ रही रोडवेज बस मोहनलालगंज इलाके के हरिकंश गढ़ी के पास स्थित शंकर ढाबा के सामने अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी ओर कार से भिड़ गई।

# दो बहनों के अपहरण का प्रयास करने वाले इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दो बहनों को अगवा करने की कोशिश व विरोध करने पर माता-पिता और भाई को गोली मारने का मुख्य आरोपी 50 हज़ार रुपये का इनामी तथा 25 हज़ार के रुपये के इनामी समेत दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया है। मामले में दो एसओ तथा एक दरोगा समेत तीन के ख़िलाफ़ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। मामले में पुलिस दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बुधवार देर रात्रि में बताया कि



बुधवार देर रात मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर के समीप मंगल के बाज़ार,छपरा मोड़ पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घटना का मुख्य आरोपी तथा 50 हज़ार रुपये का इनामी मुस्लिम और 25 हज़ार रुपये के एक अन्य इनामी बदमाश नन्हे समेत दो को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों के अलावा पुलिसकर्मी को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस बरामद किये। घटना के खुलासे के लिए पुलिस द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया था।

एसएसपी ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफतार करके पूर्व में जेल भेज चुकी है ।इस घटना में अभी तक प्रभारी निरीक्षक व एक दरोगा समेत तीन के ख़िलाफ़ लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया जा चुके हैं।

# आगरा में व्यापारी ने गोली मारकर सुसाइड किया

आगरा। आगरा में गुरुवार सुबह बेडरूम में व्यापारी ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसने गोली मारी है। एक दिन पहले यानी बुधवार को ही व्यापारी ने छोटे भाई को अपने इनकम टैक्स से संबंधित पूरी जानकारी दी। पिता के रिटर्न, अपने रिटर्न आदि के पूरे कागजात अपने छोटे भाई को दिखाए और समझाए थे।

घटना थाना एत्माउद्दौला के ट्रांस यमुना इलाके की है। ट्रांस यमुना इलाके के अतुल शिवहरे (40) स्नस्स्ट्त बिजनेसमैन थे। उनका तलाक हो चुका था। कुछ साल पहले ही दूसरी शादी की थी।



## मां चाय बना रही थी तभी गोली मार ली

परिजनों के अनुसार- गुरुवार सुबह अतुल जिम गए। फिर नहाए और पूजा करने मंदिर गए। वहां से लौटने के बाद मां से चाय बनाने के लिए कहा। मां चाय बना ही रही थी कि बेडरूम से गोली चलन की आवाज आई। घर वाले भागकर पहुंचे तो बेड पर अतुल मृत पड़ा था। उसने कनपटी में गोली मारी थी।

## पत्नी बाथरूम में और पिता पोर्च में थे

जिस समय अतुल ने खुद को गोली मारी, उनकी पत्नी बाथरूम में थी। पिता घर के पोर्च में थे और भाई अपने कमरे में था। छोटा भाई मुरादाबाद मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर है।

अतुल हर महीने उज्जैन महाकाल के दर्शन करने के लिए जाते थे। वह महाकाल के बहुत बड़े भक्त थे। पूरे शरीर पर भोलेनाथ के टैटू बनवाए थे।

आगरा शहर में शिवहरे समाज में युवाओं को जोड़ने का काम भी कर रहे थे। कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़े थे। वृद्ध आश्रम और गरीब बच्चों के लिए काम करते रहते थे। अतुल के पिता ने लाइसेंसी रिवाल्वर को उठाकर अलमारी में रख दिया था। पुलिस के पूछताछ करने पर उन्होंने कहा- मैंने ही अलमारी में रिवॉल्वर रख दी थी कि कहीं कोई और घटना ना हो जाए। घटना सुबह 6.40 बजे की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी के 2 घंटे बाद दूल्हे का सुसाइड

इटावा। इटावा में शादी के 2 घंटे बाद दूल्हे ने सुसाइड कर लिया। दोपहर 2 बजे बारात लेकर घर पहुंचा। घरवालों ने रस्में अदा की। दुल्हन की मुंह दिखाई शुरू हुई। 4 बजे दूल्हा दूसरी मंजिल पर बने रूम में गया। रुम का दरवाजा बंद कर फंदे से झूल गया। थोड़ी देर बाद घरवाले पहुंचे, उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। घरवालों ने खिड़की से झांक कर देखा तो दूल्हा फंदे से लटका था। घर में चीख पुकार मच गई। शव देखकर दुल्हन बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज। दूल्हे के भाई का कहना है कि शादी के वक्त भाई खुश था, पना नहीं क्यों उसने ऐसा कदम उठाया। घटना इटावा में उसराहार थाना क्षेत्र के सिवरा गांव की है। पुलिस ने बताया- उसराहार इलाके के सिवरा गांव निवासी ज्ञान सिंह यादव दिल्ली में डिफेंस प्रतिष्ठान में तैनात हैं। उनके छोटे बेटे सतेंद्र यादव की 2 जुलाई को ताखा रतनपुरा गांव की विनीता यादव से शादी हुई। दोनों परिवारों ने रस्में पूरी की। 3 जुलाई को दुल्हन लेकर बारात दोपहर 2 बजे सिवरा पहुंची। घरवालों ने दुल्हन का स्वागत किया। रात में जागने के कारण रिश्तेदार और घरवाले सो गए। घर की महिलाएं दुल्हन के साथ बैठकर अन्य रस्में पूरी करने लगीं। शाम 4 बजे के सतेंद्र यादव दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सतेंद्र यादव ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रिश्तेदार ने कमरे में शव देख परिजनों को बताया। शादी के घर में मातम छा गया। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## प्रयागराज में युवक की चाकू मारकर हत्या

मेजा। प्रयागराज में बुधवार को डुहिया, शुक्लपुर, मेजा से खीरी थाना क्षेत्र के बहरैचा गांव में बारात गई थी। आरोपित है कि कुछ बाराती शराब पिए हुए थे। इसी बीच घरात बारात वालों में डीजे पर डांस करने को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े को एक बार लोगों के द्वारा शांत करवाया गया, लेकिन कुछ देर बाद झगड़ा फिर से शुरू हुआ। घरात पक्ष के सोनू पुत्र रमेश सिंह ( 18 ) की चाकू से मार कर हत्या कर दी गई। उसके साथ रमेश सिंह मुकेश सिंह और अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें मुकेश सिंह की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। रमेश सिंह पुत्र देवराज सिंह निवासी ग्राम बहरैचा थाना खीरी जनपद प्रयागराज ने पुलिस को तहरीर दी कि 3 जुलाई 2024 को हमारे पड़ोसी अंगद सिंह पुत्र जवाहर सिंह की पुत्री की शादी थी। जिसमें ग्राम डुहिया, शुक्लपुर थाना मेजा प्रयागराज से बारात आई थी। मेरा पुत्र सोनू सिंह घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। इसी समय बारात में हुड़दंग को लेकर विपक्षी शुभम सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी डुहिया शुक्लपुर थाना मेजा प्रयागराज व चार पांच लड़के अज्ञात द्वारा मेरे लड़के के ऊपर धारदार चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# प्रयागराज के रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर से 52.30 लाख की ठगी

### कस्टम कमिश्नर, सीबीआई अफसर बनकर फंसाया, बोले- मानव तस्करी करते थे, जेल जाओगे

प्रयागराज। प्रयागराज में रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर से 52.30 लाख की ठगी कर ली गई। साइबर ठगों ने रिटायर्ड पुलिसकर्मी का सारा डेटा जमा किया हुआ था। उनकी फोटो, दस्तावेज पहले से थी। इसके बाद कस्टम कमिश्नर, सीबीआई अफसर बनकर कई लोगों ने बात की। बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी की विभिन्न धाराओं में दिल्ली के वसंत कुंज थाने में केस दर्ज है।




कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट, संपत्ति जब्ती के आदेश जारी हो चुका है। कार्रवाई के सारे दस्तावेज, फोटो और लेटर हेड तक दिखाए। यहां तक कहा कि आदेश की प्रति अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड है।

## कोर्ट, विभाग की फर्जी वेबसाइट पर दस्तावेज दिखाए

शातिरों ने रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्ट को वेबसाइट तक दी। कोर्ट के आदेश की प्रति के लिए ऑनलाइन वेबसाइट खुलवाई।

वेबसाइट पर बताए गए सारे आदेश मौजूद थे। ऐसे में रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर डर गए। उन्होंने अपने बैंक खातों समेत सारी जानकारी दे दी। इसके बाद जालसाजों ने 52. 30 लाख रुपए कई खातों में ट्रांसफर करा लिए। कई खातों से खुद ट्रांसफर किए। ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर को कई दिन बाद एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है। अब मामला साइबर क्राइम पुलिस के पास पहुंचा है। टीम जांच में जुटी है।

# श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने, शालिनी मिश्रा के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**ब्यूरो विशाल इंडिया**

## धोखाधड़ी और ब्लैक मेलिंग का है आरोप

लखनऊ ।लखनऊ पुलिस ने धोखाधड़ी और ब्लेकमेलिंग के गंभीर आरोपों में शालिनी मिश्रा के खिलाफ हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज की है।

यह शिकायत श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा की गई है, जिसने शालिनी मिश्रा पर कंपनी के आंतरिक दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार, शालिनी मिश्रा, जो कंपनी में एक महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थीं, ने धोखे से कई महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज हासिल किए और इसके आधार पर कंपनी से बड़ी रकम की मांग की। जब कंपनी ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया, तो उन्होंने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी।

इसके अलावा शालिनी मिश्रा पर एमएमएस वायरल कर बदनाम करने का आरोप भी लगाया गया है।

वही कंपनी के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने बताया शालिनी मिश्रा, उनके पिता राम शरण मिश्रा के अलावा गुलिसता (मुस्कान), सुनील कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार और अखिलेश कुमार तिवारी करोड़ों रुपए कंपनी से लिए हुए हैं, जिसे कंपनी को देना ना हो इसलिए खड्यंत्र रच रहे हैं ।इसमें कई लोग और शामिल है जो पुलिस जांच के दौरांन सामने आएंगे और अन्य अन्य कई लोगों की संलिपिटता सामने आएगी।

वहीं, श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से कहा गया है कि, हमारी कंपनी में किसी भी प्रकार की अनैतिक और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने इस मामले को कानून के समक्ष रखा है और हमें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में शिकायत दर्ज कर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना सदर बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को घर के बाहर खेल रही 6 वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज यूनीवार्ता को बताया की थाना सदर बाजार क्षेत्र के तिलहर जई मोहल्ले में रहने वाली 6 वर्ष की बच्ची बुधवार शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी इसी बीच उसके घर के सामने रहने वाले संजीव (30) बच्ची को बहला फुसला कर अपने घर पर ले गया।

## नाराज वकीलों ने छोड़ा काम

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली की अदालतों में आपराधिक कानून में हुए बदलाव को लेकर अधिवक्ताओ ने आज न्यायिक कार्यो से विरत रहते हुए हड़ताल कर अपना सांकेतिक विरोध प्रकट किया। जिला दीवानी व सत्र न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट न्यायालय के अधिवक्ताओं ने 1 जुलाई से हुए भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर नए आपराधिक कानून को लागू किये जाने के विरोध में हड़ताल कर अपना सांकेतिक विरोध प्रकट किया है।

# एसपी ने पुलिस महकमें में किया फेरबदल

ललितपुर। जनपद में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए एसपी ने पुलिस महकमे में फेरबदल किया है। एसपी ने स्थानांतरण सूची भी जारी की है और सभी को अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए इधर से उधर तैनात किया है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारी मसौराकलां प्रशांत राणा को चौकी प्रभारी नईबस्ती, थाना बानपुर में तैनात उपनिरीक्षक अनुज कुमार को चौकी प्रभारी कचनौंदा बांध, चौकी प्रभारी धौरीसागर अर्जुन सिंह को चौकी प्रभारी मसौराकलां, थाना बानपुर में तैनात उपनिरीक्षक भूपेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी कुम्हैड़ी, सोशल मीडिया सेल प्रभारी अनिल कुमार को चौकी प्रभारी अमरपुर, चौकी प्रभारी अमरपुर विकास कुमार को थाना बानपुर, चौकी प्रभारी कुम्हैड़ी पंकज माथुर को थाना बानपुर, चौकी प्रभारी महरौनी आलोक कुमार सिंह को प्रभारी सर्विलांस सेल एवं पुलिस लाईन में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह को महरौनी, कोतवाली महरौनी में तैनात उपनिरीक्षक दिलील कुमार कटियार को थाना जाखलौन, थाना सौजना में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव को थाना मड़ावरा, थाना मड़ावरा में तैनात उपनिरीक्षक शिवमंगल सिंह को थाना सौजना एवं पुलिस लाइन में तैनात महेशचंद को थाना कोतवाली सदर, आजादबाबू को महरौनी,सुनील कुमार को जखौरा, सत्यदेव पाठक को पूराकलां, धर्मेन्द्र कुमार को जाखलौन एवं उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह को महिला थाना में तैनाती दी है।

# शार्ट न्यूज

## शादी में लहराया था तमंचा, पुलिस ने भेजा जेल

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

गाज़ीपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नन्दगंज थाना पुलिस ने अवैध देशी तमंचा .12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस सहित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले क्षेत्र के डण्डापुर गाँव मे आयी बारात मे एक लड़का अवैध असलहा लेकर डान्स कर रहा था। उके इस कृत्य की जानकारी के बाद पुलिस उस लड़के की खोज में लग गई थी। पुलिस को मुखबीर से उस लड़के के बारे में जानकारी प्राप्त हुई कि वह ग्राम चिलार का निवासी है। इस सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त के घर पहुँचकर अभियुक्त समीर कुमार पुत्र रामानन्द राम निवासी ग्राम चिलार थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को करीब पौने दो बजे अपने कब्जे में ले लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर नियमानुसार विडियोंग्राफी कर अभियुक्त के घर से अवैध देशी तमंचा .12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस .12 बोर भी बरामद कर लिया गया।

## दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

ललितपुर। जाखलौन पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों कि गिरफ्तारी के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0स0 131/24 धारा 147/148/149/307/323/504/506 भादवि व 7 सी0एल0ए0एक्ट मे बाँछित अभियुक्त शकंर पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम ऐरावनी थाना पाली उम्र करीब 20 वर्ष पीकेश उर्फ पीके पुत्र रणवीर कबूतरा निवासी ग्राम घटवार थाना कोतवाली उम्र करीब 20 वर्ष को जाखलौन स्टेशन तिराहा के पास से हिरासत पुलिस मे लेकर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. राजेन्द्र कुमार कुमार कुमार हे.का. बहादुरपाल आदि शामिल रहे।

## पांच वांछित-वारंटी अभियुक्त चढ़े हत्थे

ललितपुर। कोतवाली,पुलिस ने गुरुवार को पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों कि गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 563/24 धारा 127(2)/115(2)/351(2)/352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त अरूण उर्फ बंटू तिवारी पुत्र भगवान दास तिवारी उम्र करीब 26 वर्ष नि0 नईबस्ती थाना कोतवाली रविन्द्र प्रताप पुत्र अरविन्द बुन्देला उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम डोंगरा थाना नाराहट अविनाश पुत्र मनोज उम्र करीब 38 वर्ष नि0 जेल चौराहा थाना कोतवाली अंकित सिंह पुत्र राजबहादुर निखिल करौसिया पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी ललितपुर को सिद्धन रोड रामराजा मैरिज गार्डन के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है । गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. विवेक धामा चौकी प्रभारी सिविल लाइन हे.कां. संजीव कुमार आदि शामिल रहे।

## बैठकों में प्लास्टिक की बोतल का नही होगा उपयोग : जिलाधिकारी



ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के समस्त कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया है कि शासन द्वारा बैठकों में पानी हेतु प्लास्टिक बोतल का उपयोग न किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु यह अनुभव किया गया है कि अभी भी विभिन्न कार्यालयों में आयोजित बैठकों में पेयजल प्लास्टिक की बोतल में आपूर्तित किया जा रहा है। शासन द्वारा लिये गये निर्णय के प्रतिकूल शासकीय कार्यालयों में प्लास्टिक की बोतल का प्रयोग अनुचित एवं आपत्तिजनक है। उक्त के क्रम में उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि जनपद स्थित समस्त कार्यालयों में आहूत की जाने वाली बैठकों आदि के दौरान पेयजल हेतु कांच अथवा स्टेनलिस स्टील/तांबा आदि से निर्मित बोतल / गिलास का प्रयोग किया जाय, प्लास्टिक की बोतल का प्रयोग कदापि न किया जाय।

## लखनऊ में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में लखनऊ में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा घेरने का ऐलान किया है। हालांकि पुलिस ने बैरिकेडिंग करके प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसकी वजह से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि बीजेपी सरकार में देश और प्रदेश में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। सरकार ने वादा किया था रोजगार देने का, मगर पेपर लीक दे रही है। आज हमारे कांग्रेस के यूथ साथी युवाओं की आवाज उठाने के लिए विधानसभा जाने की कोशिश कर रहे थे पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की किया और सबको ज़बरदस्ती हिरासत में लिया गया। जानकारी के लिए बता दें कि लखनऊ के कांग्रेस मुख्यालय से यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम कार्यकर्ता विधानसभा घेरने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने बीच में ही बैरिगेटिंग लगाकर रोक लिया। तब प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस के द्वारा सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

## प्रतापगढ़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले में अपहरण लूट दुष्कर्म समेत करीब एक दर्जन मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को नवाबगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। वही आरोपी के पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया। प्रतापगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म लूट अपहरण समेत करीब एक दर्जन मुकदमे में ?25 हजार रु का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। नवाबगंज के थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर और. उपनिरीक्षक रमेश सिंह फोर्स के साथ गुरुवार को भोर में गश्त पर निकले थे। इस दौरान कालीदीन का पुरवा मोड़ से रामनगर की तरफ जाने वाले रोड पर जनवामऊ गांव मे एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। हालांकि जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। युवक की पहचान फिरदौस (29) जनवामऊ गांव का निवासी है। जब पुलिस युवक को थाना लेकर कहीं और कड़ाई से पूछताछ की तब पुलिस को पता लगा कि यह युवक बलात्कार अपहरण लूट चोरी गैंगस्टर समेत करीब एक करीब दर्जन मुकदमे में वांछित है इस युवक के ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बताया कि लगातार जिले में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है वह नवाबगंज पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई और तलाशी लिया गया।

## लव मैरिज के 15 दिन बाद प्रेमिका की मौत

बलिया। बलिया में लव मैरिज के 15 दिन बाद ही एक नवविवाहिता का शव पेड़ से लटकता मिला है। मृतका की मां ने प्रेमी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। मौत के बाद लड़का मौके से फरार है। मृतका की पहचान अतरडरिया निवासी सपना चौहान (21) के रूप में हुई है। पूरा मामला सहतवार थाना क्षेत्र के अतरडरिया गांव स्थित एक फुलवारी का है। जहां एक पेड़ में रस्सी के सहारे शव लटकता मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने कहा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा। घटना की जानकारी तब हुई जब गांव के चौकीदार ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच किया। बताया जाता है कि सपना और अमित के बीच प्रेम प्रपंच चलने के बाद बीते 18 जून को क्षेत्र के प्रसिद्ध पचरूखा देवी मन्दिर में शादी हुई थी। जहां दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे। बकायदा स्टाम्प पर लिखकर भी शादी हुई थी। लोगों ने बताया कि जब मंदिर में शादी हो रही थी दोनों पक्ष ने लड़के और लड़की दोनों से ये पूछा था कि आप दोनों की शादी किसी दबाव में तो नहीं हो रहा। मौके पर गांव के भी कई लोग मौजूद थे।

## ब्राजील में भयावक बाढ़ से 180 लोगों की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में कई हफ्ते से बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ से कम से कम 180 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग लापता बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रियो ग्रांडे डो सुल में 29 अप्रैल को मूसलाधार बारिश शुरू हुई और कई दिनों तक जारी रही। इसके कारण पूरे राज्य के शहर जलमग्न हो गए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। रिपोर्ट में कहा कि खराब मौसम के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित 478 शहरों के लगभग 2,398,255 निवासी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 450,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेन्टा के मुताबिक, ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए 85.7 बिलियन रियल (लगभग 15.4 बिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं।

## सुनक ने पत्नी अक्षता संग डाला वोट , आज मिलेगा अंग्रेजों को नया पीएम

लंदन । यूनाइटेड किंगडम में गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान हो रहा है। मतदान रात 10 बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होने के बाद रात 10 बजे एक एग्जिट पोल परिणाम का पहला संकेत आएगा, जिसके विस्तृत परिणाम शुक्रवार की शुरुआत में आने की उम्मीद है। इस साल के यूके चुनाव के लिए जनमत सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि केंद्र-वाम लेबर पार्टी गुरुवार के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए तैयार है। इसके बाद संभावित रूप से 14 साल के कंजर्वेटिव शासन का अंत होगा और स्टार्मर को 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में स्थान मिल जाएगा। वहीं रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने उत्तरी यॉर्कशायर में अपना वोट डाला है। मतदान शुरू होने के लगभग तीस मिनट बाद वह और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति नॉर्थहेलर्टन के एक गांव के हॉल में अपने मतदान केंद्र पर गए।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

ओटावा । पश्चिमी कनाडा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी स्वामित्व वाला हेलीकॉप्टर ब्रिटिश कोलंबिया के कोलंबिया घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पायलट की मौत हो गई और बचे हुए यात्रियों को ऐसी चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया जो जानलेवा नहीं थीं।

## उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण आग... 26,000 लोगों सुरक्षित निकाला

ऑरोविल । उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने पूरे क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। जिसके मद्देनजर करीब 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से पानी डाला ला रहा है। सैक्रामेंटो से करीब 110 किलोमीटर दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी, इससे धुएं का विशाल गुबार उठा। इस बीच दोपहर को ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) के अनुसार, राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है।

## पश्चिमी सूडान में तोपखाने हमले में 15 की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान में राजधानी एल फशर के एक बाजार में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में करीब 15 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खतिर ने बताया, सभी मृत और घायल नागरिक थे। उन्हें एल फशर में अल-मवाशी (पशुधन) बाजार को निशाना बनाया गया था। राजधानी एल फशर में 10 मई से भीषण झड़पें हो रही हैं। यह 15 अप्रैल, 2023 के बाद से सूडानी सशस्त्र बलों और आरएसएफ के बीच व्यापक संघर्ष की नवीनतम वृद्धि है। पिछले महीने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के नवीनतम अपडेट के अनुसार, इस घातक संघर्ष ने अब तक करीब 16,650 लोगों की जान ले ली है।

## जबरन नसबंदी... पीड़ितों को मुआवजा दे जापान सरकार, जापान के शीर्ष न्यायालय का फैसला

तोक्यो । जापान के शीर्ष न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में जापान सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके 'यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ' के तहत जबरन नसबंदी की गई थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बना था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गई। वादी के वकीलों ने जापान में ''युद्ध के बाद के युग में सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन'' बताया। अदालत ने कहा कि 1948 का यह कानून पूरी तरह असंवैधानिक था। फैसला 39 में से 11 वादियों के लिए था जिन्होंने अपने मामले की देश के उच्चतम न्यायालय में सुनवाई कराने के लिए जापान की पांच निचली अदालतों में मुकदमे लड़े। अन्य वादियों के मुकदमे अभी लंबित हैं। इनमें से कई वादी व्हीलचेयर पर आश्रित हैं। उन्होंने फैसले के बाद अदालत के बाहर शुक्रिया अदा किया। 81 वर्षीय वादी साबुरो किता ने कहा, मैं अपनी खुशी बयां नहीं कर सकता और मैं यह अकेले कभी नहीं कर पाता।'' किता ने बताया कि उनकी 1957 में 14 साल की उम्र में नसबंदी की गई थी जब वे एक अनाथालय में रहते थे। उन्होंने कई साल पहले अपनी पत्नी की मौत से कुछ समय पहले ही अपने इस राज से पर्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी वजह से कभी बच्चे न होने पाने का खेद है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पीड़ितों से माफी मांग कर कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने के लिए वादियों से मुलाकात करने की उम्मीद है।

## ब्राजील में भयावक बाढ़ से 180 लोगों की मौत

साओ पाउलो । ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में कई हफ्ते से बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ से कम से कम 180 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग लापता बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रियो ग्रांडे डो सुल में 29 अप्रैल को मूसलाधार बारिश शुरू हुई और कई दिनों तक जारी रही। इसके कारण पूरे राज्य के शहर जलमग्न हो गए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। रिपोर्ट में कहा कि खराब मौसम के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित 478 शहरों के लगभग 2,398,255 निवासी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 450,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेन्टा के मुताबिक, ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए 85.7 बिलियन रियल (लगभग 15.4 बिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं।

## जापानी शख्स को बलात्कार के जुर्म में सिंगापुर में जेल और बेंत से मारने की सज़ा मिली

सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17.5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है। किता को दिसंबर 2019 में 20 वर्षीय छात्रा के साथ बलात्कार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की थी कि वह किता से पहली दफ़ा एक बार में मिली थी। अभियोजकों के अनुसार, किता उसे अपने घर ले गया जहां उसने उससे बलात्कार किया और इस कृत्य की अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्डिंग कर उसे अपने एक मित्र को भेज दिया। सिंगापुर में बलात्कार, मादक द्रव्यों की तस्करी, तोड़-फोड़ और लूटपाट सहित विभिन्न अपराध के, 50 साल से कम उम्र के पुरुष दोषियों को बेंत की सजा देने का प्रावधान है।



पेरिस में फ्रेंच फार राइट (नेशनल रेली) पार्टी को शुरुआती चरणों में मिली जीत का विरोध करने के दौरान फिलीस्तीनी झंडा लहराते हुए एक व्यक्ति।

## अस्ताना में मिले भारत-चीन के विदेश मंत्री, सीमा क्षेत्रों को लेकर हुई चर्चा

अस्ताना। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने गए हैं। जयशंकर ने वांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर बातचीत की। जयशंकर ने मुलाकात के बारे में बताया कि अस्ताना में आज सुबह चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात हुई। इस दौरान सीमा क्षेत्रों में बाकी मुद्दों के जल्द समाधान पर चर्चा की। इस दिशा में कूटनीतिक और सेना के जरिए प्रयासों को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एलएसी का सम्मान करते हुए सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना जरुरी है। सम्मान, संवेदनशीलता और आपसी हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेंगे। इससे पहले जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के मुलाकात की थी। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों की वतन वापसी का मुद्दा उठाया था। पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अगले हफ्ते मास्को में होने वाली शिखर बैठक के एजेंडे पर भी बातचीत की। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, अस्ताना में रुसी विदेश मंत्री से मुलाकात हुई। हमारे बीच द्विपक्षीय संबंधों से लेकर समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते रूस के दौरे पर जाने वाले हैं। अभी तक पीएम मोदी की रूस यात्रा को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है, लेकिन विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी 8 या 9 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया दौरे पर जाने की तैयारी में हैं।

# अंतरिक्ष में सुनीता... कई तरह की शारीरिक दिक्कतों से होता हैं सामना

**-ज्यादा दिनों तक अंतरिक्ष में रुकना जानलेवा**



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ स्पेस में फंस हुई हैं। शुरुआत में उनका मिशन 8 दिनों में पूरा होना था। लेकिन स्पेस क्राफ्ट में खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं हुई है। अंतरिक्ष यात्री जब स्पेस में जाते हैं, तब पृथ्वी से बिल्कुल अलग वातावरण होता है। यहा माइक्रोग्रैविटी, रेडिएशन का खतरा, अंतरिक्ष स्टेशनों के सीमित क्वार्टर मानव स्वास्थ्य के लिए अनूठी चुनौतियां पेश करते हैं। स्पेस स्टेशन पर लंबे समय तक रुकना एक बड़ा जोखिम होता है। अंतरिक्ष यात्रियों की ओर से अंतरिक्ष में अनुभव किए जाने वाले तात्कालिक परिवर्तनों में से एक द्रव पुनर्वितरण है। गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में शारीरिक तरल पदार्थ शरीर के ऊपरी हिस्से में पहुंचने लगते हैं, इससे चेहरे पर सूजन, नाक बंद होना और पैरों में तरल पदार्थ की कमी होती है। पृथ्वी पर लौटने पर इसका असर दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय तक खड़े होने पर चक्कर आता है या बेहोशी होती है। हालांकि सुनीता विलियम्स अलग नहीं हैं, बल्कि स्पेस में जाने वाले हर अंतरिक्ष यात्री के साथ ऐसा होता है। माइक्रोग्रैविटी का मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर भी असर पड़ता है। मांसपेशियों के समर्थन की आवश्यक्ता वाले गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की मांसपेशियां पैरों और पीठ में विशेष तौर पर कमजोर हो जाती है। इससे हड्डियों की महत्वपूर्ण क्षति हो जाती है, विशेष रूप से रीढ़ और श्रोणि जैसी वजन उठाने वाली हड्डियों में। यांत्रिक तनाव की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस के समान हड्डियों के घनत्व में कमी आती है।

इन प्रभावों से निपटने के लिए स्पेस स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री व्यायाम करते हैं। लेकिन फिर भी कुछ हद तक हड्डियों को नुकसान हो ही जाता है। द्रव वितरण में परिवर्तन मूत्र प्रणाली को प्रभावित करता है, इससे यूरिन में कैल्शियम के उच्च स्तर के कारण गुर्दे में पथरी का खतरा बढ़ जाता है। हार्मोन के स्तर, इंसुलिन संवेदनशीलता और आंत माइक्रोबायोटा की संरचना में परिवर्तन देखा गया है, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। पृथ्वी की तुलना में अंतरिक्ष यात्री उच्च स्तर के रेडिएशन का सामना करते हैं। इसमें गैलेक्टिक कॉस्मिक किरणें और सौर कण शामिल होते हैं। यह डीएनए क्षति और कैंसर की बढ़ती संभावना को बढ़ते हैं। रेडिएशन के लेवल की स्पेस एजेंसियां सावधानी पूर्वक निगरानी करती हैं। गुरुत्वाकर्षण की कमी संवेदी इनपुट प्रभावित करती है।

## यूक्रेन ने रुस के सबसे बड़े बंदरगाह पर किया ड्रोन हमला, कोई हताहत नहीं


**-दक्षिण रूस में कच्चे तेल और तेल उत्पादों के निर्यात का यह प्रमुख केंद्र**

**मास्को (एजेंसी)।** रुस-यूक्रेन जंग को दो से ज्यादा हो चुके हैं। दोनों ही देशों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आज के इस युग में किसी को पंगु बनाने का सबसे अच्छा तरीका उसे आर्थिक रूप से कमजोर करना। रूस-यूक्रेन जंग पर भी यह लागू होता है। रूस ने यूक्रेन को कमजोर करने के लिए गैस सप्लाई तोड़ दिया। इससे सबक लेकर अब यूक्रेन भी रूस को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। इसका नतीजा है कि यूक्रेन ने ब्लैक-सी में स्थित रूस के सबसे बड़े पोर्ट नोवोरोसिस्क बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। ड्रोन हमले के बाद रूस ने कुछ देर के लिए बीच को आमलोगों के लिए बंद कर दिया था। हालांकि, बाद में इस चेतावनी को वापस ले लिया।

मीडिया रिपोर्ट में बताया कि यूक्रेन के समुद्री ड्रोन हमले के प्रयास के बाद रूस के काला सागर बंदरगाह (ब?लैक सी पोर्ट) नोवोरोसिस्क पर फिर से काम शुरु हो गया है। एक बयान के हवाले से बताया गया है कि यूक्रेन के हमले के बाद कोई प्रतिबंध नहीं है। शिपिंग सामान्य रूप से चल रही है। नोवोरोसिस्क रूस का ब्लैक-सी में सबसे बड़ा बंदरगाह है और दक्षिण रूस में कच्चे तेल और तेल उत्पादों के निर्यात का एक प्रमुख केंद्र है। यह कजाकिस्तान और अजरबैजान से आने वाले तेल को भी लोड करता है और अनाज, कोयला, उर्वरक, लकड़ी, कंटेनर, भोजन और केमिकल कार्गो का काम भी यहां से किया जाता है।

नोवोरोसिस्क के मेयर आंद्रेई क्रावचेंको ने बताया कि यूक्रेन के ड्रोन अटैक में दो कमर्शियल प्रोपर्टी और एक आवासीय अपार्टमेंट को मामूली नुकसान पहुंचा है। इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना ने नोवोरोसिस्क की ओर जा रहे दो समुद्री ड्रोनों को मार गिराया है। बता दें कि रूस ने बार-बार कहा है कि यूक्रेन ने ब्लैक-सी कोस्ट पर उसके बंदरगाह शहरों पर हमला किया है, लेकिन रूसी अधिकारी अक्सर यूक्रेनी हमलों से हुए नुकसान के बारे में कम विवरण देते हैं।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ सम्मेलन में आतंकवाद का मुद्दा उठाया



**अस्ताना (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सदस्यों देशों में आतंकवाद को एक बड़ी चिंता का विषय बताया और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ ÷सार्थक÷ वार्ता की अपील की। बुधवार को दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना पहुंचे शहबाज ने एससीओ सम्मेलन में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में चीन, भारत, तुर्किये, ईरान, आजरबैजान और किर्गिस्तान के नेताओं व राजनयिकों ने आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की।

'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने संबोधन में आर्थिक विकास के लिए क्षेत्र में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'अफगानिस्तान में स्थायी शांति कायम करना इस साझा उद्देश्य का मुख्य आधार है।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय 'अफगान सरकार के साथ सार्थक रूप से बातचीत कर उनकी वास्तविक आर्थिक व विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करे।'

शरीफ ने यह भी कहा कि अफगान तालिबान को यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे कि उसकी धरती का इस्तेमाल किसी अन्य देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए न किया जाए। उन्होंने कहा, 'प्रायोजित आतंकवाद समेत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े और स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।' उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए निर्दोष लोगों की हत्या करने या आतंकवाद का डर दिखाने का कोई औचित्य नहीं है।

# फ्रांस चुनाव: नेशनल रैली पार्टी जीती तो पड़ोसी देशों में मच सकती है खलबली

**-मरीन ले पेन चाहती हैं कि जॉर्डन बार्डेला बनें पीएम, मुस्लिम भी चिंतित**



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में संसदीय चुनावों में इस बार बड़ा उलटफेर होता दिख रहा है। मरीन ले पेन के नेतृत्व वाली धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली (आनएन) अप्रत्याशित जीत की ओर बढ़ रही है। वहीं, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी तीसरे स्थान पर है। मरीन ले पेन चाहती हैं कि उनके उत्तराधिकारी जॉर्डन बार्डेला पीएम बनें। बार्डेला 28 साल के हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता बहुत है। लोग उन्हें चमत्कारिक लीडर के तौर पर देख रहे हैं लेकिन फ्रांस में रह रहे मुस्लिम इससे चिंतित हैं उन्हें डर है। धुर दक्षिणपंथी पार्टी की जीत ने यूरोपीय देशों के लीडर्स की नींद उड़ा दी है क्योंकि बार्डेला फ्रांस फर्स्ट की बात करते हैं। वे मुस्लिम शरणार्थियों को देश से निकालने की वकालत करते हैं। यूरोपीय संघ को बकवास कहते हैं। जर्मनी समेत फ्रांस के सभी पड़ोसी देशों में भी बेचैनी है।

मरीन ले पेन और जॉर्डन बार्डेला का फ्रांसीसी संस्कृति अपनाने पर जोर है। अप्रवासियों की गिनती करने, उनकी जांच करने की बात कहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्डन बार्डेला ने फ्रांस की जनता से कहा है कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो वे दोहरी नागरिकता वाले लोगों को सरकारी पदों से हटा देंगे। उन्होंने कहा मैंने अनुभव किया है कि इन लोगों की वजह से वह अपने ही देश में विदेशी बन गया हैं। फ्रांस के मुस्लिम समुदाय को इस बात की चिंता है कि ली पेन पहले ही सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पर पाबंदी लगाने की बात कर चुकी हैं। वहीं बार्डेला ने हिजाब को भेदभाव का साधन बताया है। मुस्लिमों को डर है कि उनके कल्चर पर प्रहार किया जा सकता है। इस्लामोफोबिया की वजह से उनसे भेदभाव बढ़ सकता है। हिजाब पर प्रतिबंध लगाने और गैर-अप्रवासी नागरिकों को प्राथमिकता देने से जीवन बहुत मुश्किल हो जाएगा। छात्रों को डर है कि कई इस्लामोफोबिक बिल पास किए जाएंगे, जो उनकी आजादी छीन लेंगे। कुछ लोगों को ऐसा भी लग रहा है कि कहीं उन्हें अपना ही देश न छोड़ने को मजबूर होना पड़े।

एक वकील ने कहा स्थिति गंभीर हैज्रंगभेद, नस्लभेद के हालात पैदा हो सकते हैं। छात्रा ओमेयमा ने कहा, एक ऐसा देश, जिसे हम प्यार करते हैं. जहां हम पैदा हुए- अब हमें खुद को बताना पड़ेगा कि हम फ्रांसिसी हैंज्हमारे पास यहां रहने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। उधर, जर्मनी, हंगरी समेत सभी पड़ोसी देशों में खलबली है। उन्हें यूरोपीय संघ के बिखरने का खतरा सता रहा है। क्योंकि बार्डेला फ्रांस फर्स्ट की नीति अपनाना चाहते हैं और उन्हें यूरोपीय संघ बकवास लगता है। यूक्रेन युद्ध के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी फ्रांस और उसके पड़ोसी देशों में आना चाहते हैं। ऐसे में अगर फ्रांस में इन पर रोक लगी, तो काफी मुश्किल हो सकती है।

# एलएसी पर खत्म हो जाएगा झगड़ा ! भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की मीटिंग, हो गई दोस्ती ?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली ने एक बयान में कहा कि भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने गुरुवार को कजाकिस्तान में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की है। जहां दोनों अपनी सीमा पर मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए बातचीत बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत और चीन एक लंबी हिमालयी सीमा साझा करते हैं, इसका अधिकांश भाग खराब तरीके से सीमांकित है, और जुलाई 2020 में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जब कम से कम 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिक मारे गए थे। भारत ने कहा कि जयशंकर ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर यी से मुलाकात की, जहां वे इस बात पर सहमत हुए कि 'सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बढ़ना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों नेता शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए अपने राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें बढ़ाने पर सहमत हुए। भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने अपना तीसरा सीधा कार्यकाल शुरू किया था, ने अप्रैल में कहा था कि दोनों देशों को अपनी सीमा पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। दोनों परमाणु-सशस्त्र देशों ने 2020 से अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को तैनात कर दिया है, जो 1962 में खूनी सीमा युद्ध के बाद दशकों तक असहज पड़ोसी रहे हैं।

नई दिल्ली के बयान में कहा गया, 'उन्होंने अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करने के महत्व की पुष्टि की। दोनों देश पहले सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैनिकों की पूर्ण वापसी और उनके संबंधों में सामान्य स्थिति की वापसी के लिए प्रयास बढ़ाने पर भी जोर दिया।



# भारतीय क्रिकेट टीम का विश्वकप के साथ स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ

## हवाई अड्डे पर टीम की एक झलक पाने प्रशंसक उमड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। भारतीय टीम को लेकर जैसे ही विशेष विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा प्रशंसक उत्साहित हो गये। हल्की बारिश के बाद भी प्रशंसकों का उत्साह अपने चरम पर था। इस दौरान सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था की गयी थी। खिलाड़ियों को विश्वकप ट्रॉफी के साथ देखने के लिए हजारों की तादाद में प्रशंसक बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़े थे। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत की बधाई भी दी और नाचने लगे, इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी प्रशंसकों के साथ नाचने लगे।

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर एक दशक बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे प्रशंसक बेहद खुश थे। इसी दौरान साल 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा, 'हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। टीम को लेकर एअर इंडिया का विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी 'एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबाडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे की लगातार यात्रा के बाद गुरुवार सुबह छह बजे यहां पहुंचा।

भारतीय टीम विश्वकप जीतने के बाद से ही बारबाडोस में आये समुद्री तूफान 'बेरिल के कारण फंस गयी थी क्योंकि हवाई अड्डा बंद होने से उड़ाने रुक गयीं थीं। भारतीय क्रिकेट को इसके कारण होटल में ही रुकना पड़ा। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडियाकर्मी भी इस विमान से पहुंचे। इस दौरान हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

इसके बाद भी प्रशंसक विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के पोस्टर लिए हुए थे। लंबी उड़ान के कारण हुई थकान के बाद भी खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।



## सूर्यकमार ने कहा, रोहित ने हमें दबाव में शांत बने रहकर खेलना सिखाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में मिली खिताबी जीत से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉफी हाथ में लिए हुए सूर्यकुमार ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमें दबाव का सामना करना सिखाया है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्होंने हम सभी को सिखाया है कि दबाव में कैसे शांत रहना है। वह स्वयं भी हमेशा शांत बने रहे। उन्होंने हमसे कहा कि हम ज्यादा आगे के बारे में न सोचें। हमारा एक आदर्श वाक्य भी था- अपना दिमाग वहीं रखें जहां आपके पैर हैं। रोहित ने हमें कहा कि सुपर 8 या सेमीफाइनल या फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहिए पर मैच को उसके अनुसार खेलना चाहिये। हमें एक समय में एक कदम उठाने की जरूरत थी और उन्होंने हमें दिखाया कि इस छोटे प्रारूप में कैसे बल्लेबाजी करनी है। साथ ही कहा कि अगर मैं रोहित के बारे में बताना शुरु करु तो मुझे काफी दिन लग जाएंगे।

सूर्यकुमार ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 28.42 की औसत से 199 रन बनाए। इसमें दो अर्धशतक थे। इसके अलावा फाइनल के अंतिम ओवर में उन्होंने डेविड मिलर का एक बेहद अहम कैच पकड़कर भारतीय टीम की जीत तय कर दी थी।

## विराट ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टीम की मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है। भारतीय टीम स्वदेश पहुंचते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास गयी थी और उसने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने भी टीम इंडिया के टी20 चैंपियन बनने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट कर टीम की प्रशंसा की थी।

विराट ने साथ ही लिखा, आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत गर्व हुआ। हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर।प्रधानमंत्री ने करीब दो घंटे तक कोच राहुल द्रविड़ सहित पूरी टीम के खिलाड़ियों से बात की। प्रधानमंत्री के साथ टीम की मुलाकात का एक वीडियो भी इसके बाद आया। इसमें सभी काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम के हर खिलाड़ी से बातचीत की और उन्हें उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी दी और पूरी टीम ने तस्वीर खिंचाई। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी उपस्थित थे।

## ट्रॉफी के साथ मस्ती करते दिखे भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम आज एक विशेष विमान से स्वदेश पहुंची। भारतीय टीम बारबाडोस में आये तूफान के कारण देर से स्वदेश पहुंची है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के खिलाड़ियों का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में विमान में भारतीय खिलाड़ी टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मस्ती करते हुए दिखे हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव सहित अन्य खिलाड़ी भी शामिल थे। टीम ने एक दशक के बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश था। भारतीय टीम के सदस्य विश्ववप में जीत के बाद ही तत्काल स्वदेश लौटना चाहत थे पर खराब मौसम ओर तूफान के कारण ये संभव नहीं हुआ। टीम को बारबाडोस में अपने होटल में ही रुकना पड़ा। इसके बाद बीसीसीआई ने एक विशेष विमान भेजकर खिलाड़ियों को स्वदेश लाने का इंतजाम किया।

नई दिल्ली में उतरने के बाद, टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम आईटीसी मौर्य होटल के लिए पहुंची। इस दौरान वह प्रशंसकों से भी मिली। इसके बाद टीम मुम्बई रवाना होगी जहां उसे एक कार्यक्रम में शामिल होना है। इस दौरान एक विजय परेड भी निकलेगी। इसके बाद भारतीय टीम के सम्मान में एक कार्यक्रम भी होगा।

## विंबलडन : गॉफ, अल्कराज और मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी



**लंदन (एजेंसी)।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को हुए पुरुष और महिला वर्ग में कोको गॉफ, कार्लोस अल्कराज और डेनियल मेदवेदेव जहां अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने कल रोमानिया की एंका टोडोनी पर सीधे सेट में आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने एलेक्जेंडर वुकिक को तीनों सेटों में 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गये है। अगले दौरान में अल्कराज का मुकाबला 29वें वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो से होगा। एक अन्य मुकाबले में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## पेरिस ओलंपिक में एकसाथ खेलेंगे नडाल और अलकराज : डेविड फेरर

बार्सिलोना। स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा है कि राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे। इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे।वहीं टेनिस महासंघ ने भी कहा है कि नडाल और युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे। ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के विजेता हैं। अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी। वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं, ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा। अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है। उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं। स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा।''

## विश्वकप ट्रॉफी के साथ अलग अंदाज में दिखे ऋषभ

नई दिल्ली। टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया है। ऋषभ आज विश्वकप ट्रॉफी के साथ उत्साहित दिखे जबकि इससे पहले एक दौर ऐसा भी आया था जब उनकी खेलना ही तय नहीं था। दो दिसंबर 2022 में हुए भयानक कार हादसे के बाद भी जिस प्रकार उन्होंने खेल में वापसी की है। वह अपने आप में एक मिशाल है। इस खिलाड़ी ने तकरीबन 14 महीने खेल से दूर



रहने के बाद अपनी मेहनत और जज्बे से किस्मत की बाजी पलट दी। आईपीस और फिर टी20 विश्वकप में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उनकी विकेटीपिंग और बल्लेबाजी कमाल की रही। .स्वदेश पहुंचने के बाद होटल आईटीसी मौर्या में ऋषभ पंत की एंट्री देखने लायक थी। उनकी एंट्री ने महाभारत के भीम की याद दिला दी। भीम की गदा की तरह ऋषभ पंद भी विश्व कप ट्रॉफी उठाए नजर आए। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ऋषभ पंत होटल में दाखिल होते हैं और अपने कंधे पर ट्रॉफी लिए हुए हैं। इस दौरान उनके साथ अन्य खिलाड़ी भी नजर आ रहे हैं। ऋषभ की आखों में चमक और चेहरे की मुस्कान बता रही है कि यह पल उनकी जिंदकी के लिए कितना मायने रखता है। ऋषभ पंत का यह पल इसलिए भी खास है, क्योंकि कुछ समय पहले तक यह भी तय नहीं था कि वह कभी क्रिकेट खेल पाएंगे। दरअसल, भारत की जीत में ऋषभ पंत का भी बड़ा योगदान रहा है। अमेरिका की धीमी पिचों पर जब भारतीय बल्लेबाज विफल हो रहे थे, तब वह डटे रहे। उनकी कई छोटी-छोटी और अहम पारियों की बदौलत टीम इंडिया ने अपना विजय अभियान कायम रखा था।

## शुभमन सहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

**हरारे (एजेंसी)।** कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरु होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं। टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है।

भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई, 7 जुलाई, 10 जुलाई, 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी। ये सभी मैच हरारे में होंगे।

### टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।



## यह देश के लिए खेलने वाली सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम: फारुख इंजीनियर

**खेल डैस्क।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने शनिवार को बारबाडोस में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली टीम को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम कहा है। 86 वर्षीय इंजीनियर अभी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहते हैं और उन्होंने 1961-75 तक भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले हैं। वह अपने समय के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक थे। इसी साल फरवरी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिया था। इंजीनियर ने कहा कि हालांकि मैं



मैनचेस्टर में रहता हूं, मैं पूरी तरह से एक भारतीय हूं और लड़कों ने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम एक मजबूत टीम है। मैंने ऐसा तब कहा था जब मुझे बीसीसीआई से लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला था। कुछ महीने पहले और मुझे वर्तमान भारतीय टीम से खड़े होकर सराहना मिली, जो अपने ही देश से मान्यता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छी बात थी, मैंने उस समय कहा था कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम है कभी भारत के लिए खेला।

पूर्व क्रिकेटर ने बीसीसीआई द्वारा विजेता टीम को 125 करोड़ की राशि देने की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि टीम को विश्व कप जीतने के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 125 करोड़ रुपए मिले हैं, जिससे मैं बेहद खुश हूं। बस अंतर देखिए। मुझे लगता है कि हमारे लड़कों ने जो जीता है उसके पूरी तरह से हकदार हैं और मुझे उम्मीद है कि उन्हें घर पहुंचने पर शानदार स्वागत मिलेगा। भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली पहुंची। उन्हें प्रधान मंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास में सम्मानित किया। शाम को मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में विजय परेड के लिए टीम इंडिया मुंबई पहुंच चुकी है।

## भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी




लंदन। भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है। बोधना ने कहा, 'कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला। मैं खुश थी। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा।' इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक है - वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है।' बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली। शिवा ने कहा, 'मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं।' बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, 'मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।' पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी और उस समय उन्हें 'सुपर टैलेंटेड' करार दिया गया था।

## द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से एशिया कप और विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने उतरेगा भारत

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है।



टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। एकदिवसीय टीम की उप-कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया।

जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

टीम को वोलवार्ट के अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी। नोनकुलुलेको मलाबा और मसाबाता क्लास के अलावा नादिन डि क्लार्क और अयाबोंगा खाका को भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद होगी कि अनुभवी मारिजेन कुछ ओवर कर पाएंगी। चोट से उबरने के कारण उन्होंने अब तक भारत दौरे पर गेंदबाजी नहीं की है।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका** = लॉरा वोलावार्ट (कप्तान), तेजमिन ब्रिट्स, मीके डि रिडर, सिनालो जाफ्ता, एनेके बॉश, नादिन डि क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, एलिज-मारी मार्क्स, नोनकुलुलेको मलाबा और तुमी सेखुखुने।

## चेन्नईयन एफसी से खेलेंगे जॉर्डन



चेन्नई। अब कोलंबिया के स्टार फुटबॉलजर विलमर जॉर्डन गिल चेन्नईयन एफसी से खेलते हुए दिखेंगे। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र को देखते हुए इस स्टार स्ट्राइकर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू के बाद वह क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। क्लब के अनुसार ये कोलंबियाई फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में उसने आईएसएल में खेला है। इस फुटबॉलर ने पहली बार साल 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेला था। इसके अलावा उसने अगले सत्र में पंजाब एफसी की तरफ से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उसके नाम अभी तक आईएसएल के 15 मैच में 8 गोल हैं। इससे पहले एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू भीइस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

# जेफ बेजोस बेच सकते हैं कंपनी के 25 मिलियन शेयर

**- शेयर बिक्री के बाद कंपनी में बेजोस की हिस्सेदारी 912 मिलियन रह जाएगी**

**वाशिंगटन ।**

एमेजान के फाउंडर जेफ बेजोस ने कंपनी के 25 मिलियन शेयर बेचने की योजना बनाई है। इन शेयरों की कीमत लगभग 5 बिलियन डॉलर है। जेफ बेजोस ने यह योजना एमेजान के शेयरों के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद बनाई है। इस बिक्री के बाद कंपनी में बेजोस की हिस्सेदारी 912 मिलियन या 8.8 फीसदी रह जाएगी। अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई फाइलिंग से यह जानकारी मिली है। एमेजान के शेयरों में बीते कुछ दिनों से लगातार तेजी देखी जा रही है। पिछले दिनों कंपनी के शेयर ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 200 डॉलर के पार पहुंचकर 200.43 डॉलर का स्तर छुआ। हालांकि, बुधवार को यह 1.21 फीसदी गिरकर 197.59 डॉलर पर बंद हुआ। अब जब भी एमेजान का शेयर 200.43 डॉलर के स्तर को पार करेगा, जेफ बेजोस अपने शेयर बेचने की योजना को अमल में लाएंगे। इस साल फरवरी में जेफ बेजोस ने नौ कारोबारी दिनों में लगभग 8.5 बिलियन मूल्य के एमेजान शेयर बेचे थे। जेफ बेजोस फिलहाल एलन मस्क के बाद दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार, एलन मस्क 252 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया में सबसे अमीर हैं। वहीं जेफ बेजोस 219 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कुछ समय पहले पहले स्थान पर रहे फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट 201 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ अब तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। बता दें कि जेफ बेजोस स्पेस एक्सप्लोरेशन कंपनी ब्लू ओरिजिन के भी फाउंडर हैं। इस दौरान एमेजान ने कहा कि वह छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए अपने सिक्योरिटी रोबोट, एस्ट्रो फॉर बिजनेस, को बंद कर देगा, क्योंकि कंपनी अपने ध्यान को घरेलू रोबोटों पर फोकस कर रही है।

# बजाज सीएनजी बाइक कल होगी लांच




**-ये दुनिया की पहली सीएनजी बाइक**

**नई दिल्ली ।**

देश के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में कल शुक्रवार को बजाज ऑटो कंपनी दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च करने की तैयारी में है। बजाज ऑटो ने लॉन्च से पहले अपनी आगामी सीएनजी बाइक का नया टीज़र जारी किया है। इस अपकमिंग सीएनजी बाइक में एडीवी से इंस्पायर्ड डिजाइन है जो उस स्पेसिफिक ऑडियंस को अपील करता है। बजाज का लक्ष्य एक वर्सेटाइल प्रोडक्ट बनाना है जो प्रीमियम 125 सीसी मोटरसाइकिल पेश करके अलग-अलग ग्रुप्स को अपील कर सके।स्पाई शॉट्स जो सामने आई हैं उनमें एक छोटा सा फ्यूल टैंक दिख रहा है जो लगभग 5 लीटर पेट्रोल रखने में सक्षम है और बाइक के व्हीलबेस पर एक लंबी सीट है, जिसके नीचे सीएनजी टैंक रखा गया है। सीएनजी और पेट्रोल ईंधन की कंबाइंड कैपेसिटी ट्रेडिशनल 125 सीसी कम्यूटर मोटरसाइकिलों के समान टैंक रेंज होनी चाहिए। बजाज सीएनजी बाइक में सिल्वर रंग में हाइलाइट किए गए मस्कुलर टैंक श्राउड भी हैं, जो हेडलाइट हाउसिंग तक फैले हुए हैं यहां। गोल हेडलाइट एक क्लासिक टच देता है, जबकि हैंडलबार ब्रेसेस, नकल गार्ड और फ्रंट डिस्क ब्रेक कम्यूटर सेगमेंट में प्रीमियम फील देते हैं।बाकी नोटेबल कंपोनेंट्स में एक लार्ज साइड बॉडी पैनल, स्टाइलिश बेली पैन, स्प्लिट 5-स्पोक डिजाइन एलॉय व्हील्स, पीछे बैठने वालों के लिए फंक्शनल ग्रैब रेल, रिब्ड सीट, ट्रेडिशनल आरएसयू टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स, रियर मोनो-शॉक सेटअप, टायर हगर और मेगा कलर रेंज शामिल हैं। बजाज द्वारा सीएनजी बाइक में 125 सीसी इंजन दिए जाने की संभावना है।

# देश की फूड सर्विस 10 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली।**

भारत में खान-पान सेवा बाजार के 2030 तक 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। इस दौरान कंज्यूमर बेस 45 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑनलाइन खानपान वितरण क्षेत्र में सीएजीआर 18 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। इसकी पहुंच 2023 में 12 प्रतिशत से बढ़कर 2030 तक 20 प्रतिशत हो जाएगी। खानपान सेवा बाजार में बाहर खाना और घर पर ऑर्डर करके मंगाना शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन फूड डिलीवरी मार्केट 2030 तक 2.12 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में खानपान सेवा बाजार का वर्तमान मूल्य 5.5 लाख करोड़ रुपये है। अगले सात वर्षों में इस कारोबार के सालाना 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2030 तक 9 से 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि मजबूत बुनियादी कारकों से प्रभावित होगी। इनमें विस्तारित ग्राहक आधार, बढ़ती खपत के अवसर और आपूर्ति में वृद्धि शामिल है। इसके अलावा ऑनलाइन खाद्य वितरण में (लगभग) 18 प्रतिशत सीएजीआर की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2030 तक कुल खानपान सेवा बाजार में 20 प्रतिशत का योगदान देगा। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय खानपान सेवा बाजार, विशेष रूप से खाद्य वितरण में पिछले कुछ वर्षों में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उच्च आय, डिजिटलीकरण, बेहतर ग्राहक अनुभव और नए अनुभवों को आजमाने की प्रवृत्ति ने इस वृद्धि में योगदान दिया है।

# देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।**

तेल कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक कई राज्यों में पेट्रोल डीजल की कीमतों में कमी आई है। तो वहीं देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है।

गुरुवार को बिहार में पेट्रोल 10 पैसे घटकर 107.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 10 पैसे घटकर 93.92 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। जबकि यूपी में पेट्रोल 2 पैसे घटकर 94.49 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3 पैसे घटकर 87.55 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है।

यहां पेट्रोल के दाम 9 पैसे घटकर 104.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल 10 पैसे घटकर 90.96 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर,



कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर है।

# जावा येझदी मोटरसाइकल्स की कीमत घटाई

**नई दिल्ली ।**

नई 2024 जावा 350 रेंज को कंपनी जावा येझदी मोटरसाइकल्स ने 16 हजार रुपये की कटौती के साथ पेश किया है। कटौती के बाद बाइक की शुरुआती कीमत 1.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम हो गई है। हालांकि मोटरसाइकल में मैकेनिकल स्पेसिफिकेशन्स, डायमेंशन्स और फीचर्स बरकरार रखी गई हैं, लेकिन इसमें कई नए अपग्रेड्स भी किए गए हैं। अपडेटेड जावा 350 अब तीन नए कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है। ये कलर्स ओब्सीडियन ब्लैक, ग्रे और डीप फॉरेस्ट हैं। इसके अलावा, सभी कलर वेरिएंट में अब ऑप्शनल अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो ट्यूबलेस टायर के साथ आते हैं। मैरून, ब्लैक, वाइट और मिस्टिक ऑरेंज शेड्स उपलब्ध हैं, जिसमें स्पोक और अलॉय व्हील दोनों ऑप्शन हैं। कुल मिलाकर, मोटरसाइकल अब चुनने के लिए सात कलर ऑप्शन्स के साथ उपलब्ध है। जावा 350 में 334 सीसी सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन लगा है, जो 22.5 एचपी की पावर और 28.2 एनएम का पीक टॉर्क देता है। इस इंजन को स्लिप और असिस्ट क्लच वाले 6-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है। इसके अलावा, कंपनी ने



सभी वेरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर डुअल-चैनल एबीएस देना जारी रखा है।

इसके अलावा, मॉडल में फ्रंट टेलिस्कोपिक फोर्क्स और एडजस्टेबल डुअल रियर एब्जॉर्बर सस्पेंशन सेटअप भी बरकरार रखा गया है। स्पोक व्हील वाले बेस मॉडल की कीमत 1.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम है, जबकि एलॉय व्हील वेरिएंट 2.08 लाख रुपये एक्स-शोरूम में उपलब्ध है।

## आइनॉक्स विंड कर्ज मुक्त कंपनी बन जाएगी

**आईडब्ल्यूईएल ने कंपनी में किया 900 करोड़ रुपये का निवेश**

**नई दिल्ली ।** आईनॉक्स विंड लिमिटेड की प्रवर्तक आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड (आईडब्ल्यूईएल) ने कंपनी में 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके बाद पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी कर्ज मुक्त कंपनी बन जाएगी। आईनॉक्स विंड लिमिटेड ने गुरुवार को एक बयान में अपने प्रवर्तक आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड (आईडब्ल्यूईएल) द्वारा कंपनी में 900 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। आईनॉक्स विंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस निधि निवेश से हमें ऋण-मुक्त कंपनी बनने में मदद मिलेगी, हमारा बही-खाता मजबूत होगा तथा वृद्धि में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि भविष्य में ब्याज व्यय में पर्याप्त बचत होगी, जिससे हमारी लाभप्रदता में और वृद्धि होगी। कंपनी के अनुसार इस राशि का इस्तेमाल आईनॉक्स विंड लिमिटेड द्वारा अपने बाह्य ऋण को पूरी तरह से कम करने के लिए किया जाएगा, ताकि शुद्ध ऋण-मुक्त स्थिति प्राप्त की जा सके। आईनॉक्स विंड ने कहा कि शुद्ध ऋण मुक्त स्थिति में प्रवर्तक ऋण शामिल नहीं है।




## सुजुकी मोटर ने 340 करोड़ का कोष नेक्स्ट भारत किया पेश

**नई दिल्ली ।** जापान की मोटर वाहन कंपनी सुजुकी मोटर ने भारत में अपना पहला निवेश कोष नेक्स्ट भारत गुरुवार को शुरू किया। यह 340 करोड़ रुपये का कोष है जो मझोले शहरों और उससे नीचे के क्षेत्रों में मूल्य सृजन करने वाले प्रभावशाली उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। कंपनी के अनुसार सुजुकी की इस पहल का मकसद एक रेजीडेंसी कार्यक्रम के जरिए कृषि, वित्तीय समावेशन, ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला तथा ग्रामीण परिवहन के क्षेत्रों में सामाजिक प्रभाव वाले स्टार्टअप को समर्थन देना है। नेक्स्ट भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नेक्स्ट भारत अपने प्रमुख रेजिडेंसी कार्यक्रम के जरिए उन कंपनियों में निवेश करना चाहता है जो वृद्धि के पहले चरण में हैं और उन उद्यमियों की मदद करना चाहता है जो अपने सफर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार महीने के हाइब्रिड रेजीडेंसी कार्यक्रम में चयनित प्रभावशाली उद्यमियों को व्यापक मार्गदर्शन, संसाधनों तक पहुंच और उद्योग विशेषज्ञों तथा साथियों के साथ संपर्क करने के अवसर मिलेंगे, जिससे वे अपने उद्यमों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा सकेंगे।

## टीयूईसीओ को ताप विद्युत संयंत्र लगाने मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**देहरादून ।** केंद्र सरकार ने यूजेवीएन लिमिटेड एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम टीयूईसीओ को कोयला-आधारित तापीय बिजली घर की स्थापना के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शक्ति नीति के अंतर्गत अप्रैल, 2024 में कोयला आवंटन हेतु केंद्र से अनुरोध करते हुए कहा था कि राज्य सरकार अपने सार्वजनिक उपक्रम यूजेवीएन लिमिटेड के अतिरिक्त टीयूईसीओ के जरिये भी कोयला-आधारित ताप-विद्युत संयंत्र की स्थापना करने के लिए इच्छुक है। इसी क्रम में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने उत्तराखंड को शक्ति नीति के अंतर्गत 1,320 मेगावाट क्षमता के ताप-विद्युत उत्पादन के लिए कोयला आपूर्ति की संस्तुति की थी। विज्ञप्ति के मुताबिक केंद्र सरकार ने टीयूईसीओ के माध्यम से ताप-विद्युत संयंत्र की स्थापना पर सैद्धांतिक सहमति जता दी है। शक्ति नीति के तहत कोल इंडिया लिमिटेड केंद्र एवं राज्य सरकारों की उत्पादन कंपनियों तथा उनके संयुक्त उपक्रमों को अधिसूचित दरों पर कोयला आपूर्ति की अनुमति दे सकती है।

## श्रीलंका ने बांड धारकों से किया निजी ऋण पुनर्गठन करार

**कोलंबो ।** श्रीलंका के वित्त मंत्री शेहन सेमसिंघे ने गुरुवार को कहा कि लंबी बातचीत के बाद द्वीप राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय संप्रभु बॉन्डधारकों के साथ ऋण पुनर्गठन समझौते पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे नकदी की कमी का सामना कर रहे देश में ऋण स्थिरता को बहाल करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त राज्य मंत्री सेमसिंघे ने कहा कि पुनर्गठन शर्तों पर बुधवार को समझौता हो गया, जिससे श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी हो गई। सेमसिंघे ने कहा कि कुल 37 अरब अमेरिकी डॉलर के बाहरी ऋण में आईएसबी (अंतरराष्ट्रीय संप्रभु बॉन्ड) का हिस्सा 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह समझौता ऋण स्थिरता को बहाल करने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निजी बॉन्डधारकों के साथ समझौता भारत सहित देशों की आधिकारिक ऋणदाता समिति की मंजूरी के अधीन है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह आर्थिक पुनरुद्धार तथा मजबूती की दिशा में हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अधिकारियों ने बताया कि अपेक्षित कटौती 28 प्रतिशत होगी, जिसका अग्रिम भुगतान आईएसबी धारकों को इस वर्ष सितंबर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह चार वर्षों के लिए मार्च 2023 में बढ़ाए गए 2.9 अरब अमरीकी डॉलर के जारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के 'बेलआउट' में ऋण स्थिरता की पूर्व शर्त के तौर पर आई। भारत और चीन सहित द्विपक्षीय ऋणदाताओं के साथ 26 जून को पेरिस में ऋण पुनर्गठन समझौतों को अंतिम रूप देने के बाद इस पर बातचीत संपन्न हुई है।

## इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का अड्डा बनेगा भारत

**- वैश्विक ब्रांड बनने मिल सकती है 44,000 करोड़ की मदद**

**नई दिल्ली ।** देसी कंपनियों को इलेक्ट्रॉनिक एवं सेमीकंडक्टर उत्पाद तैयार करने और वैश्विक ब्रांड बनने में मदद करने के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित करने की सिफारिश की जा सकती है। भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर का अड्डा बनाने के मकसद से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल अपनी रिपोर्ट में इसकी सिफारिश कर सकता है। कार्यबल रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है और उसमें 2024 से 2030 के बीच आवंटन की बात होगी। कार्यबल के एक सदस्य ने बताया कि सिफारिश के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों (सिस्टम) के लिए 15,000 करोड़ रुपये, सेमीकंडक्टर उत्पादों के लिए 11,000 करोड़ रुपये और प्रतिभा विकास, साझा बुनियादी ढांचा, लॉजिस्टिक्स एवं प्रौद्योगिकी व आईपी (बौद्धिक संपदा) जैसे प्रोत्साहनों के लिए 18,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जा सकता है। सरकार से मंजूरी मिल गई तो तो यह आवंटन मोबाइल उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लगभग बराबर होगा। सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार अजय के सूद की अध्यक्षता में इस कार्यबल का गठन पिछले साल मार्च में हुआ था। इसमें एचसीएल के संस्थापक एवं एपिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय चौधरी, डिक्सन टेक्नोलॉजिज के एमडी सुनील वचानी, तेजस के पूर्व एमडी संजय नायक, वीवीडीएन टेक्नोलॉजिज के सीईओ पुनीत अग्रवाल, बोट के संस्थापक अमन गुप्ता, आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील पाल और दूरसंचार विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# शेयर बाजार ने बनाया नया रिकार्ड , सेंसेक्स पहली बार 80 हजार के ऊपर पहुंचा

**निफ़्टी भी बढ़त के साथ 24,304 पर रहा**

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार में गुरुवार को भी जबरदस्त तेजी रही और बाजार ने नये रिकार्ड बनाते हुए पहली बार 80 हजार का आंकड़ा पारी किया। गत दिवस भी बाजार 80 हजार के ऊपर पहुंचा था पर बाद में फिसल गया था। बाजार में ये उछाल एशियाई व दुनिया भर के अन्य बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक करीब 0.08 फीसदी बढ़कर 80,049.67 अंक के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 17.55 अंक तकरीबन 0.07 फीसदी बढ़कर 24,304.05 अंक तक पहुंच गया।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे ज्यादा आज 2.69 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके साथ ही आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टीसीएस, इन्फोसिस और कोटक बैंक के शेयर भी बढ़े। वहीं दूसरी ओर एचडीएफ़सी बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.26 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एलऐंडटी, टेक महिंद्रा, अल्ट्रा सीमेंट, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरे हैं। आज सुबह से ही एशियाई बाजारों में बढ़त देखी गयी। जापान के निक्केई में 0.21 फीसदी की तेजी आई जबकि ताइवान वेटेड में 1.33फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.59फीसदी की तेजी रही है। हैंगसेंग 0.43फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा है। हालांकि शंघाई कंपोजिट में 0.16फीसदी की गिरावट देखने को मिल रही है। दूसरी ओर गत दिवस अमेरिकी बाजार में बढ़त रही। डाओ जोंस 23.85 (0.06फीसदी) अंक चढ़कर 39,308 पर बंद हुआ। वहीं नेसडेक 159.54 (0.88फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 18,188 के लेवल पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 28.01 (0.51फीसदी) अंक बढ़कर 5,537 पर बंद हुआ।




इससे पहले कल बुधवार को सेंसेक्स ने 80,074 और निफ्टी ने 24,307 का स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे आ गया था।

वहीं आज सुबह बाजार की शानदार तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। शुरुआती व्यापार में सेंसेक्स ने 80,300 के स्तर को पार कर लिया, जबकि निफ्टी50 ने 24,350 के स्तर को पार किया। बीएसई सूचकांक 80,331 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा और शुरुआती सौदों में 225 अंक की बढ़त के साथ 80,212 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर निफ्टी50 ने 24,372 का नया उच्चतम स्तर छूआ और 69 अंक की बढ़त के साथ 24,356 पर कारोबार करता दिखा।

# जनवरी-जून में आवासीय बिक्री बढ़कर 10 साल के उच्च स्तर पर: नाइट फ्रैंक

**- कार्यालय स्थान की मांग 33 प्रतिशत बढ़कर 3.47 करोड़ वर्ग फुट रही**

**नई दिल्ली ।**

देश में 2024 की पहली छमाही में मकानों की बिक्री 11 साल के उच्च स्तर 1.73 लाख इकाई पर पहुंच गई। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक के अनुसार इस दौरान देश के आठ प्रमुख शहरों में कार्यालय की मांग रिकॉर्ड 3.47 करोड़ वर्ग फुट पर पहुंच गई। वार्षिक आधार पर इस वर्ष जनवरी से जून के बीच आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 1,73,241 इकाई हो गई, जबकि कार्यालय स्थान की मांग 33 प्रतिशत बढ़कर 3.47 करोड़ वर्ग फुट रही। नाइट फ्रैंक इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियाद तथा स्थिर सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण भारत का रियल एस्टेट बाजार पिछली कुछ तिमाहियों में तेजी से बढ़ा है। उन्होंने गुरुवार को ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसके परिणामस्वरूप आवासीय तथा कार्यालय स्थानों की मांग दशक भर में सबसे अधिक रही। उन्होंने कहा कि 2024 की पहली छमाही जनवरी-जून में कुल बिक्री में प्रीमियम आवास की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत रही। मुंबई में आवासीय बिक्री जनवरी-जून 2024 में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 47,259 इकाई रही, जबकि शहर में कार्यालय स्थान की मांग 79 प्रतिशत बढ़कर 58 लाख वर्ग फुट हो गई। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवासीय बिक्री चार प्रतिशत घटकर 28,998 इकाई रह गई, हालांकि कार्यालय स्थान की मांग 11.5 प्रतिशत बढ़कर 57 लाख वर्ग फुट हो गई। बेंगलुरू में आवासीय बिक्री में चार प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 27,404 इकाई हो गई जबकि कार्यालय मांग 21 प्रतिशत बढ़कर 84 लाख वर्ग फुट हो गई। पुणे में आवासीय बिक्री 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 24,525 इकाई रही, जबकि कार्यालय स्थान की मांग 88 प्रतिशत बढ़कर 44 लाख वर्ग फुट हो गई, चेन्नई में आवासीय मांग में उछाल और कार्यालय स्थान की मांग में इस अवधि में गिरावट आई। हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद में आवासीय तथा कार्यालय स्थान की मांग दोनों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिपोर्ट पर गुरुग्राम स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के अधिकारी ने कहा कि विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर आवासीय संपत्तियों की मांग मजबूत बनी हुई है, जिसे उच्च आर्थिक वृद्धि तथा बुनियादी ढांचे के विकास से बल मिला है।



## रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 83.54 डॉलर पर

**मुंबई ।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के दौरान रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 83.54 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण रुपये को समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लगा। सेंसेक्स और निफ्टी ने सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ और विदेशी पूंजी का पर्याप्त प्रवाह हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.52 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.49 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 105.36 पर रहा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in